

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, गुरुवार, 8 अगस्त 2024

संवत 2081, श्रावण शुक्लपक्ष चतुर्थी मूल्य-2 रुपये

वर्ष-7, अंक 328 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार पर विपक्ष का मौन


श्रीलंका ने तीसरे वनडे में भारत को 110 रनों से हराया, 2-0 से जीती श्रृंखला 6







## दक्षिणी जापान में 7.1 की तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी जारी



**टोक्यो:** जापान के दक्षिणी तट पर गुरुवार को भूकंप के शक्तिशाली झटके महसूस किए गए, जिसके बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि गुरुवार दोपहर दक्षिणी क्यूशू में 7.1 तीव्रता का भूकंप आया। इसका केंद्र जापान के दक्षिणी मुख्य द्वीप क्यूशू के पूर्वी तट पर 30 किलोमीटर (18.6 मील) की गहराई में था। उसके बाद क्यूशू के पूर्वी और दक्षिणी तट और शिकोकू के दक्षिणी तट पर सुनामी की चेतावनी जारी की गई। इसमें क्यूशू के दक्षिणी तट और पास के द्वीप शिकोकू के साथ 1 मीटर (3.3 फीट) तक की लहरें उठने की भविष्यवाणी की गई। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार दक्षिणी जापानी द्वीपों क्यूशू और शिकोकू के तटीय क्षेत्रों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। जापान के सार्वजनिक प्रसारक एनएचके ने कहा कि यह मियाजाकी और कोच्चि प्रान्तों के लिए था।

# चाईबासा में नक्सलियों ने किया आईईडी ब्लास्ट एक जवान घायल, एयरलिफ्ट कर लाया गया रांची

मेट्रो रेज

**चाईबासा:** जिले के छोटानागरा थाना क्षेत्र के बालिबा में गुरुवार सुबह नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट करने से एक कोबरा जवान घायल हो गया है। घायल जवान को एयरलिफ्ट कर बेहतर इलाज के लिए रांची लाया गया है, जहां उनकी स्थिति स्थिर बतायी जा रही है। जानकारी के मुताबिक पुलिस को प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनल, अनमोल, अश्विन, पिंटु लोहरा, चंदन लोहरा, अमित हांसदा उर्फ अपटन के अपने दस्तों के सदस्यों के साथ सारंडा के कोल्हान क्षेत्र में भ्रमण करने की सूचना प्राप्त हुई थी। इसके बाद सुरक्षाबलों के जवानों ने 7 अगस्त 2024 से एक संयुक्त अभियान छोटानागरा एवं जराईकेला थाना के सीमावर्ती जंगली क्षेत्र में प्रारंभ किया था। अभियान के दौरान नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के जवानों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से आईईडी को लगा रखा था। गुरुवार की सुबह 7.30 बजे छोटानागरा थानार्गत वनग्राम बालिबा के पास कोबरा बटालियन के जवान पहुंचे, तभी वहां लगे आईईडी में विस्फोट होने से कोबरा 209 बटालियन में सब इंस्पेक्टर जितेन्द्र दानी गंभीर रूप से घायल हो गये।घायल एसआई को पुलिस मुख्यालय रांची और सीआरपीएफ झारखंड के सहयोग से एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया। नक्सलियों के खिलाफ अभियान अभी भी जारी है।




## 5 लाख के धोखाधड़ी की प्राथमिकी दर्ज

**रांची:** सुखदेव नगर थाना में हेहल निवासी श्रवण कुमार ने 5 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने की प्राथमिकी धनबाद के निरसा निवासी दुर्गेश और सचिन सिंह के विरुद्ध दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि उनकी टायर की दुकान है। 8 मई को उनकी दुकान पर दो लोग आए। दोनों ने बताया कि वे कोल माइनिंग का काम करते है। माइनिंग के दौरान उन्हें अपनी गाड़ियों के लिए टायर की जरूरत पड़ती है। उनका काम लंबे समय तक चलेगा, इसलिए वे उनकी दुकान से टायर लेना चाहते है। श्रवण कुमार को झांसे में लेने के लिए दोनों ने अपना जीएसटी सर्टिफिकेट भी दिखाया। फिर दोनों ने 5 लाख 400 रुपए का टायर लिया और उन्हें एक कम अमाउंट का चेक भरकर दे दिया। कहा कि बाकी अमाउंट उन्हें वे जल्द दे देंगे। उनकी बातों में आकर श्रवण कुमार ने टॉयर दे दिया। लेकिन उन्हें पैसे नहीं मिले। तीन माह बाद जब अपने पैसे के लिए श्रवण कुमार ने उन दोनों को तगादा किया तो पैसे नहीं मिले। वे कई बार पैसे के लिए निरसा धनबाद भी गए, लेकिन दोनों ने उन्हें धमकी दी। उनके साथ दोनों ने मारपीट भी किया गया। जब उनके द्वारा दिया गया चेक श्रवण कुमार ने बैंक में डाला तो वह भी बाउंस कर गया। इसके बाद उन्होंने दोनों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई।

## बिल्डर से पीएलएफआई के नाम पर मांगी गई एक करोड़ रंगदारी

**रांची:** बिल्डर निशित कुमार केसरी से पीएलएफआई के नाम पर एक करोड़ की रंगदारी मांगी गई है। इस संबंध में निशित कुमार केसरी ने अरगोड़ा थाना में रंगदारी मांगने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में निशित कुमार केसरी ने बताया है कि उन्हें तीन अगस्त को एक मोबाइल नंबर से वाट्सएप मैसेज मिला। जिसमें उन्हें धमकी दी गई थी कि पांच दिनों के अंदर एक करोड़ रुपए रंगदारी के रूप में दे नहीं तो उनके साथ कुछ भी हो सकता है। इस संबंध में निशित केसरी की ओर से डीजीपी अनुराग गुप्ता को भी जानकारी दी गई है। अरगोड़ा थाना में 5 अगस्त को प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में लग गई है। पुलिस मैसेज भेजने वाले नंबर की कर रही है जांचः जिस मोबाइल नंबर से बिल्डर को मैसेज कर रंगदारी मांगी गई है पुलिस उसकी जांच कर रही है। कहां से और किसने उक्त नंबर से मैसेज किया इसका पता लगाया जा रहा है। मैसेज आने के बाद से निशित कुमार केशरी भयभीत है। क्योंकि रांची के अरगोड़ा कटहल मोड़ और पुंदाग क्षेत्र में निशित कुमार केसरी के चार बड़े प्रोजेक्ट चल रहे है। बिल्डर की ओर से पुलिस से सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए भी कहा है।

## पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य का 80 वर्ष की आयु में निधन



**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल के 34 साल के वाम मोर्चा शासन के दूसरे और अंतिम मुख्यमंत्री और वयोवृद्ध वामपंथी नेता बुद्धदेव भट्टाचार्य का निधन हो गया है। उनकी उम्र 80 वर्ष थी। गुरुवार सुबह उनके बेटे सुचेतन भट्टाचार्य ने यह जानकारी दी है। बुद्धदेव भट्टाचार्य ने 2000 से 2011 तक लगातार 11 वर्षों तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। गुरुवार सुबह उनके बेटे सुचेतन ने बताया कि सुबह बुद्धदेव ने नाश्ता किया था, लेकिन उसके बाद अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और सुबह 8:20 बजे पाम एवेन्यू स्थित उनके घर पर ही उनका निधन हो गया। खबर मिलते ही सुचेतन वहां पहुंच गए। सूत्रों के अनुसार, बुधवार रात को बुद्धदेव की सांस की समस्या गंभीर हो गई थी, लेकिन रात को स्थिति संभाल ली गई थी। गुरुवार को दोपहर 11 बजे वुडलैंड्स के डॉक्टरों द्वारा उनकी जांच करने की योजना थी। जरूरत पड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराने का निर्णय लिया गया था क्योंकि उन्हें अस्पताल जाने में अनिच्छा थी। इस बीच गुरुवार सुबह उनकी तबीयत फिर बिगड़ गई।

### नेपाल में एयर डायनेस्टी का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

## चार चीनी नागरिकों सहित पांच की मौत



**काठमांडू:** नुवाकोट के शिवपुरी में एयर डायनेस्टी हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से 5 लोगों की मौत हो गई है। हेलीकॉप्टर में पायलट अरुण मल्ल के अलावा चार अन्य चीनी नागरिक सवार थे। सभी के शव बरामद कर लिए गए हैं। बागमती पुलिस के डीआईजी बिष्णु कुमार केसी के मुताबिक हेलीकॉप्टर के काठमांडू हवाई अड्डे से रसुवा के सियाफ्रुवेसी के लिए उड़ान भरने वाला एयर डायनेस्टी हेलीकॉप्टर बुधवार दोपहर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उड़ान भरने के तीन मिनट के भीतर हेलीकॉप्टर का काठमांडू एटीसी से संपर्क टूट गया था। नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने दुर्घटना का समय दोपहर 1:54 बजे बताया है।

## वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक लोकसभा में पेश



**नई दिल्ली:** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को लोकसभा में वक्फ बोर्ड (संशोधन) विधेयक, 2024 पेश किया। केंद्र सरकार ने वक्फ अधिनियम, 1995 में संशोधन के लिए वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पेश किया है। विधेयक का उद्देश्य राज्य वक्फ बोर्डों की शक्तियों, वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण, सर्वेक्षण और अतिक्रमण हटाने से संबंधित मुद्दों को प्रभावी ढंग से संबोधित करना है।

### वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक से पारदर्शिता होगी सुनिश्चित : भाजपा

**नई दिल्ली:** वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक गुरुवार को लोकसभा में पेश हो गया। इस विधेयक को लेकर जहां समाजवादी पार्टी सहित कई दल विरोध कर रहे हैं, वहीं भारतीय जनता पार्टी ने इसे अल्पसंख्यकों का हितैशी बताया है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जो लोग आज वक्फ संशोधनों का विरोध कर रहे हैं, वे हैं जो गरीब मुसलमानों के दुश्मन हैं और कुलीन भूमि हड़पने वालों और भूमि जिहादियों के पक्ष में हैं। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड के पास लाखों एकड़ जमीन है, लेकिन आय 200 करोड़ रुपये से कम है। लाभ केवल अमीर कुलीन मुसलमानों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक से पारदर्शिता, संवैधानिक सिद्धांतों के साथ संतुलन, जवाबदेही, वित्तीय लेखा परीक्षा, निगरानी एवं सत्यापन, वक्फ संपत्तियों का उचित उपयोग, महिलाओं की भागीदारी और मुसलमानों के अन्य संप्रदायों की भागीदारी सुनिश्चित होगी। जब मुसलमान स्वयं सुधार चाहते हैं तो यह मुस्लिम विरोधी कैसे हो सकता है? पूनावाला ने कहा कि आगा खानिस, बोहरा, पिछड़े वर्ग के मुसलमान, महिलाएं सभी इसका समर्थन कर रहे हैं। सच्चर समिति की रिपोर्ट, के रहमान खान की अध्यक्षता वाली जेपीसी, मुस्लिम विद्वानों, पत्रकारों द्वारा सुधारों की सिफारिश की गई थी। जमीन हड़पने का अधिकार मौलिक अधिकार नहीं है। क्या पारसियों, हिंदुओं, जैनियों, ईसाइयों को ऐसे अधिकार हैं?

## घुसपैठिए जब देश में घुस जायेगी, क्या तब केंद्र सरकार करेगी कार्रवाईः झारखंड हाई कोर्ट

### कोर्ट ने केंद्र सरकार के शपथ पत्र दाखिल न करने पर की कड़ी टिप्पणी

मेट्रो रेज

**रांची:** बांग्ला देशियों के झारखंड में घुसपैठ कर संथाल परगना इलाके में लैंड जिहाद किये जाने की जांच की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने केंद्र सरकार के शपथ पत्र दाखिल न करने पर कड़ी टिप्पणी की। अब इस मामले में अगली सुनवाई 22 अगस्त को होगी।

गुरुवार को हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई। झारखंड हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार के शपथ पत्र दाखिल नहीं किए जाने पर कड़ी टिप्पणी की और कहा कि देश में घुसपैठ करने वालों के घुस जाने के बाद क्या केंद्र सरकार कार्रवाई करेगी। अभी बांग्लादेश में उथल-पुथल की स्थिति है, वहां राजनीतिक अस्थिरता है। ऐसे में भारत में बांग्लादेशी घुसपैठियों को रोकने के लिए बॉर्डर में बीएसएफ को कड़ी निगरानी करनी पड़ेगी। कोर्ट ने कहा कि जरूरत पड़ने पर गृह सचिव से भी जवाब मांगा जा सकता है और उन्हें कोर्ट में बुलाया जा सकता है, यह देश की सुरक्षा का सवाल है। कोर्ट ने केन्द्र सरकार के इंटेलिजेंस ब्यूरो के डायरेक्टर, बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के डायरेक्टर जनरल, चीफ इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया और डायरेक्टर जनरल यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया को प्रतिवादी बनाया है, उन्हें नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट ने इंटेलिजेंस ब्यूरो से सीलबंद रिपोर्ट मांगी है।




सुनवाई के दौरान कोर्ट के आदेश के क्रम में छह जिलों के उपायुक्त ने जवाब दाखिल नहीं किए जाने पर कोर्ट ने राज्य सरकार पर कड़ी नाराजगी जताई। कोर्ट ने मौखिक कहा कि जब संथालपरगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों के आने की बात हो रही है ऐसे संवेदनशील मुद्दे पर अब तक जवाब क्यों नहीं आया है। कोर्ट को बताया गया की संथालपरगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों फर्जी ढंग से आधार कार्ड और वोटर कार्ड बना ले रहे हैं और वहां की भोली भाली आदिवासी लड़कियों से शादी कर जमीन पर उनकी जमीन पर कब्जा कर ले रहे हैं। इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार से मौखिक कहा कि सरकार को संथाल परगना जैसे इलाकों में औचक निरीक्षण कर लोगों के यूआईडी कार्ड एवं वोटर कार्ड का निरीक्षण करना चाहिए, ताकि घुसपैठियों की पहचान हो सके। कोर्ट ने कहा कि झारखंड में घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें तुरंत निकालना जरूरी है अन्यथा और घुसपैठिए झारखंड आते रहेंगे। राज सरकार को झारखंड के सीमावर्ती इलाके में पुलिस फोर्स को मजबूत कर घुसपैठियों को रोकन होगा। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार दोनों को देश एवं राज्य में घुसपैठ पर मिलकर काम करना होगा।

याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में कहा है कि जामताड़ा, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज आदि झारखंड के बॉर्डर इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड आ रहे हैं। इससे इन जिलों में जनसंख्या में कुप्रभाव पड़ रहा है। इन जिलों में बड़ी संख्या में मदरसा स्थापित किया जा रहा है। साथ ही स्थानीय ट्राइबल के साथ वैवाहिक संबंध बनाया जा रहा है। याचिकाकर्ता ने मांग की है कि इस मामले में भारत सरकार का गृह मंत्रालय रिपोर्ट दाखिल करे और बताएं कि झारखंड के बॉर्डर इलाके से कैसे बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड आ रहे हैं और उनके द्वारा झारखंड में कैसे लोगों को गुमराह कर वैवाहिक संबंध स्थापित किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### 30 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण 10 से

**मुरी:** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में दस अगस्त से 30 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रबंधन प्रशिक्षण शुरू होने वाला है,ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक बेरोजगार महिलाएं जिनका उम्र 18 से 45 वर्ष के बीच है तथा प्रशिक्षण लेकर स्वयं का रोजगार स्थापित करना चाहते हैं वो संस्थान कार्यालय मे अपना नामांकन करा सकते हैं। प्रशिक्षण के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, बीपीएल कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक,महिला समूह कोड सभी का फोटो कॉपी आदि दस्तावेज लगेगा । यह प्रशिक्षण पूर्णत निःशुल्क होगी ,प्रशिक्षण के दौरान रहना, खाना आदि निःशुल्क रहेगा। प्रशिक्षण के दौरान ड्रेस भी निःशुल्क मिलेगा। जानकारी के लिए संपर्क नंबर 9523381187,7820953480 9308544400,7370885508.

### निर्मल महतो का शहादत दिवस मना



**मुरी :** निर्मल महतो के शहादत दिवस के मौके पर झारखंड मोड़ स्थित निर्मल महतो की प्रतिमा पर आजसू पार्टी द्वारा माल्यार्पण किया गया। जिसमे जयपाल सिंह,सुनील सिंह, पूर्व जिप सदस्य सुशील महतो,प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक,उप प्रमुख आरती देवी,लक्षमन महतो, लम्बोदर महतो, संजय साहु, भुनेश्वर बेदिया, रामस्वरूप मंडल, प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र करमाली,ललन राम,सविता पौद्दार, चंचला भोक्ता, मुखिया मुरलीधर करमाली, देवनारायण महतो ने बारी बारी से पष्जपांजलि के साथ माला पहनाया गया। संचालन मो फारूक ने आवाज देकर जब तक सूरज चांद रहेगा,तब तक तेरा नाम रहेगा,झारखंड,शहीद निर्मल महतो अमर रहे,जय झारखंड के नारे लगाए गए। उनके जीवनी को याद किया गया। उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। मौके पर काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### देर रात उच्चके ने महिला से सोने की चेन छीनी

**जमशेदपुर :** घाटशिला थाना क्षेत्र के गोपालपुर ओवर ब्रिज के समीप बुधवार की देर रात कॉलेज रोड निवासी विपत तरण दत्ता की पत्नी के गले से सोने का चेन छीन कर उच्चका फरार हो गया। महिला सौमिता दत्ता अपने पुत्र के साथ स्कूटी पर पीछे बैठकर दाहीगोड़ा जा रही थी। महिला के गले का आधा चेन चोरों के हाथों में चला गया। आधा चेन टूटने के कारण चोर नहीं ले पाए। आधा हिस्सा जमीन पर गिर गया। चेन लगभग 80 हजार रुपये की बताई जा रही है।

### महानगर भाजपा की टीम घोषित, कई नए चेहरों को मौका

**जमशेदपुर:** झारखंड प्रदेश भाजपा ने जमशेदपुर महानगर भाजपा कमिटी में कुछ नए चेहरे शामिल किए हैं। साथ ही कुछ पुराने पदाधिकारियों को दूसरा दायित्व सौंपा गया। वहीं जमशेदपुर महानगर के अंतर्गत कई मंडल अध्यक्षों को बदल दिया गया। बदलने का कारण कार्यकाल पूरा होना तथा कई मंडल अध्यक्षों को हटाने का कारण खराब प्रदर्शन भी रहा है। हालांकि पार्टी इसे स्वीकार नहीं कर रही है। महानगर कमिटी में संजीव सिंह को उपाध्यक्ष से महामंत्री बनाया गया। इसी तरह मानगो की रेणु शर्मा को पहली बार उपाध्यक्ष बनाया गया। मंत्री में शांति देवी एवं मिली शर्मा को पहली बार दायित्व सौंपा गया। पार्टी ने इस बार पूर्व कोषाध्यक्ष राजीव कुमार को बदल कर उनकी जगह कृष्णा शर्मा उर्फ काली शर्मा को प्रभार सौंपा।

### सेंट जॉन्स हाई स्कूल में हिंदी वाचन व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**जमशेदपुर :** सेंट जॉन्स हाई स्कूल, जमशेदपुर ने अपनी वार्षिक हिंदी वाचन और भाषण प्रतियोगिता 2024 की मेजबानी की। जिसमें सभी कक्षाओं के छात्रों ने अपने असाधारण व्यक्तित्व कौशल का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन और प्रधानाचार्या ने छात्रों के प्रदर्शन की सराहना की और छात्रों के संचार कौशल को बढ़ाने में शिक्षकों की सकारात्मक भूमिका पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि सहयोग संस्था की अनीता सिंह (लेखिका) और श्री कृष्ण स्कूल के हिंदी के अध्यापक चंद्रकांत निर्णायक मंडल में शामिल थे। दोनों ने छात्रों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए छात्रों और शिक्षकों दोनों को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए बधाई दी। संचार कौशल में सुधार के लिए स्कूल के प्रयास पूरे आयोजन में स्पष्ट दिखे, यहां तक कि कंपेयर्स ने भी शानदार प्रदर्शन किया।

### 11 अगस्त से हर घर तिरंगा अभियान शुरू करेगी भाजपा

**जमशेदपुर:** महानगर भाजपा 11 अगस्त से हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत करेगी। आजादी का जश्न मनाने और राष्ट्रप्रेम की अलख जगाने के उद्देश्य से भाजपा जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में 11 से 14 अगस्त तक पूरे शहर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसका निर्णय बुधवार को पार्टी की बैठक में लिया गया। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने सभी पदाधिकारियों से अभियान की तैयारी में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि 9 से 10 अगस्त तक मंडल स्तर पर बैठकें कर हर घर तिरंगा अभियान के तहत होने वाले कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया जाएगा। आगामी 11, 12, व 13 अगस्त को जमशेदपुर महानगर अंतर्गत चारों विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। 13 से 14 अगस्त तक पार्टी के तमाम पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर महापुरुषों की प्रतिमाओं एवं स्मारकों के आस-पास स्वच्छता अभियान चलाएंगे एवं अमर बलिदानियों, महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करके उन्हें नमन करेंगे। इस दौरान सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जनता से संपर्क कर प्रत्येक घर एवं व्यवसायिक केंद्रों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगाने के लिए उन्हें प्रेरित करेंगे। जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा ने बताया कि जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर जिला स्तरीय गोष्ठी आयोजित कर विभाजन की त्रासदी पर चर्चा की जाएगी।

### आसमान से बरसी मौत, एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत

**बोकारो:** माराफारी थाना क्षेत्र के कैंप वन में वज्रपात से बुधवार को एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गयी। मरने वालों में सुलेखा देवी (40 ), करिश्मा कुमारी (16 ) तथा प्रिंस कुमार (21 ) शामिल हैं। मौत की खबर से पूरे क्षेत्र में गम का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों के अनुसार लगातार झमाझम बारिश हो रही थी। इसी क्रम में सुलेखा देवी घर से बाहर निकली। अचानक वज्रपात की चपेट में आ गयी। मां की चीख सुनने पर पुत्री करिश्मा कुमारी व भांजा प्रिंस कुमार निकला। दोनों बच्चे भी वज्रपात की चपेट में आ गये। आनन-फानन में स्थानीय लोगों के सहयोग से माराफारी थाना इंस्पेक्टर आजाद खां तीनों प्रभावितों को लेकर बोकारो जेनरल अस्पताल पहुंचे। जांच-पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर बीजीएच बोकारो विधायक बिरंची नारायण, झामुमो महानगर अध्यक्ष मंटू यादव, कांग्रेस नेत्री श्वेता सिंह सहित कई राजनीतिक दलों से जुडे जनप्रतिनिधि पहुंचे। घटना की जानकारी लोगों से ली।

# पौध लगाने के साथ उसे बचाने के अभियान का भी बनें हिस्साः सीएम

## हेमन्त सोरेन ने 75वें वन महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में लिया हिस्सा

मेट्रो रेज

**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड में जल-जंगल और जमीन हमेशा से ही हमारे जीने का जरिया रहा है लेकिन सदियों से चली आ रही ये व्यवस्था अन्धाधुन्ध विकास और शहरीकरण की दौड़ में पीछे छूटती जा रही है। आज हरे-भरे पेड़ों से आच्छादित जंगल की जगह कंक्रीट के जंगल ने ले ली है। इसका सीधा असर हमारे पर्यावरण पर पड़ रहा है। प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है। यदि हम अब भी नहीं चेते तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा।





सोरेन ने कहा कि आज जरूर इस बात की है कि पर्यावरण संरक्षण की खातिर ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने के अभियान का हम हिस्सा बनें और पेड़ों को बचने का संकल्प लें। सभी के सहयोग और भागीदारी से प्राकृतिक व्यवस्था को संरक्षित मानव जीवन को सुरक्षित रख सकते हैं। मुख्यमंत्री ने बुधवार को वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान, गढ़खटंगा, रांची में आयोजित 75वें वन महोत्सव को संबोधित करते हुए ये बातें कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जिस तरह से पर्यावरण संरक्षण को चुनौती मिल रही है, वह मनुष्य, जीव-जंतु और पूरी प्राकृतिक व्यवस्था के अस्तित्व पर खतरा बनता जा रहा है। ऐसे में हमें तय करना है कि हम प्रकृति के साथ मिलकर अथवा प्रकृति से छेड़छाड़ कर विकास के रास्ते पर आगे बढ़ें। यदि प्रकृति के साथ चलना है तो हमें अपनी जीवन शैली में बदलाव लाना होगा। पेड़ों से दोस्ती करनी होगी और उन्हें बचाने की जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने लोगों से कहा कि वे घर बनाते हैं तो उससे पहले वहां एक पेड़ जरूर लगाएं। यदि हर व्यक्ति पेड़ लगाने और पेड़ बचाने की ठान ले तो निश्चित तौर पर हम पर्यावरण को संरक्षित रख पाएंगे।

एक दिन में बदलाव नहीं आ सकता लेकिन शुरूआत तो होनी चाहिएः मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्राकृतिक असंतुलन और पर्यावरण के साथ छेड़छाड़ की वजह से बाढ़ और सुखाड़ जैसे कई प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। मौसम चक्र में बदलाव से कृषि प्रभावित हो रही है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि प्राकृतिक व्यवस्था का कम से कम नुकसान कैसे हो, इस दिशा में हम सभी आगे बढ़े। इसके लिए जरूरी है कि ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं ताकि प्राकृतिक व्यवस्था को जो नुकसान हो चुका है, उसकी थोड़ी सी भी भरपाई हो सके।

**हम सभी वन महोत्सव का हिस्सा बनें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि एक ऐसा भी वक्त था, जब झारखंड जैसे प्रदेश में वन महोत्सव मनाने की कोई जरूरत नहीं थी। पूरा राज्य हरे-भरे पेड़ों से आच्छादित था। चारों तरफ जंगल ही जंगल दिखते थे लेकिन विकास की रफ्तार जैसे-जैसे बढ़ती गई, जंगल सिमटते चले गए और इसका सीधा असर पर्यावरण पर पड़ा। यही वजह है कि आज वन महोत्सव मनाने की एक परंपरा की शुरूआत हुई, जो आज भी चली आ रही है। यह समय की भी मांग है कि हम सभी वन महोत्सव का हिस्सा बनें और ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की मुहिम में अपनी भागीदारी निभाएं। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि पेड़ लगाने का अभियान सिर्फ बारिश के मौसम तक सिमट कर नहीं रहना चाहिए। जाड़ा, गर्मी और बरसात हर मौसम में उस मौसम के अनुकूल पेड़ लगाने की मुहिम चलनी चाहिए। पेड़ लगाने का सतत अभियान कभी नहीं रुकना चाहिए।

**वन समिति के सदस्य सम्मानित, कॉफी टेबल बुक का लोकार्पण :** मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर वनों के संवर्धन और विकास के क्षेत्र में बेहतर योगदान करने वाले वन समिति के सदस्यों को पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के कॉफी टेबल बुक का भी लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान आने वाले लोगों को परिसर का भ्रमण करने के लिए चार लाभुकों को बैट्री ऑपरेटेड ऑटो प्रदान किया।

# बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करे भारत सरकारः आरएसएफ

मेट्रो रेज

**रांचीः** राष्ट्र सेवा फाउंडेशन (आरएसएफ) ने केंद्र की मोदी सरकार से आग्रह किया है कि बांग्लादेश में अशांति का सामना कर रहे, हिंदुओं की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाए। आरसीएफ अध्यक्ष स्वामी सीतारामशरण जी महाराज एवं उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि बांग्लादेश में हिंदू बेहद असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। वहां हिंदुओं के ऊपर जुल्म ढाए जा रहे हैं, महिलाओं को बलात्कार किया जा रहा है, हिन्दुओं की निर्मम हत्या की जा रही है,घरों को फूंके जा रहे हैं, मंदिरों को तोड़ा जा रहा है। 20 से अधिक नेताओं को जिंदा जला दिया गया। ऐसे में जुल्म से बचकर भारत सीमा पर भागकर आए और भारत से आस लगाए बांग्लादेशी हिंदुओं के अपने यहां शरण दे,



तथा बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की प्रयास करे। उन्होंने कहा कि आरक्षण के खिलाफ शुरू हुए विरोध प्रदर्शन हिंसक रूप ले लिया है, जिसके कारण खुद शेख हसीना को पीएम पद छोड़कर भागना पड़ा है।

कहा कि हाल के दिनों में बांग्लादेश में हिंदुओं, सिखों और अन्य हिंदू अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थान, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, और घरों पर हमला किया गया है। लगभग 200 से 300 घरों व दुकानों को तोड़ा गया है। शमशान घाट में भी तोड़फोड़ की गई। बांग्लादेश में शायद ही कोई ऐसा जिला बचा हो जो उनकी हिंसा और आतंक का निशाना न बना हो। उन्होंने कहा कि यह बताना उचित होगा कि हिंदू जो कभी बांग्लादेश में 32 % थे अब 8% से भी कम रह गए हैं । और वह भी निरंतर उत्पीड़न के शिकार हैं। उन्होने पड़ोसी देश में हिंदू अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए राजनीतिक और कूटनीतिक रूप से हर संभव प्रयास करने का आह्वान किया। कहा कि कुछ लोग भारत में भी स्थिरता पैदा करने के इरादे से सोशल मीडिया पर बांग्लादेश की घटना का महिमामंडन कर रहे हैं। उनके खिलाफ सख्ती बरतने की जरूरत है। कहा कि बांग्लादेश में हमारे हिंदू भाइयों बहनों पर किसी प्रकार की क्रूरता, जुल्म ज्यादती और नाइंसाफी ना हो। इसके लिए पूरे देश को एकजुट रहना होगा। जिस प्रकार से दुनियां में इस्लामीक कट्टरवाद बढ़ रहा है, और भारत के पड़ोस में भी उसने दस्तक दे दी है। वह हमारे देश के लिए बहुत हीं खतरनाक हो सकता है। ऐसे में हम अपने पड़ोसी मुल्क में हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं करते हैं तो, भारत कभी भी महाभारत बन सकता है।

## नक्सलियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन बोकारो के लुगू पहाड़ पर बंकर ध्वस्त



**बोकारोः** जिले के बेरमो अनुमंडल के ललपनिया जगेश्वर विहार थाना क्षेत्र स्थित लुगु पहाड़ में एक करोड़ के इनामी नक्सली विवेक, 25 लाख के ईनामी नक्सली रघुनाथ हेम्ब्रम उर्फ चंचल उर्फ बिरसेन एवं अन्य ईनामी नक्सलियों की छिपे होने की सूचना पर बुधवार को इलाके में कोबरा बटालियन, झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ, जैप समेत अन्य पुलिस बल ने संयुक्त रूप से छापेमारी की।

इस दौरान सुरक्षा बलों ने लुगू पहाड़ पर सर्च ऑपरेशन चलाया और नक्सलियों का बंकर ध्वस्त कर दिया। इस क्रम में पुलिस ने नक्सली पत्रिका और खाद्य सामग्री समेत कई सामान बरामद किए हैं। बोकारो जिले के बेरमो अनुमंडल के ललपनिया थाना क्षेत्र के लुगू पहाड़ पर पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाया और नक्सलियों का बंकर ध्वस्त कर दिया। सुरक्षा बलों को गुप्त सूचना मिली थी कि लुगू पहाड़ पर शीर्ष नक्सली जमे हुए हैं। इसी सूचना के आलोक में पुलिस ने सर्च ऑपरेशन चलाया और कामयाबी मिली। सुरक्षा बलों का सर्च ऑपरेशन जारी है।

## वैष्णवी और ग्लोब प्लांट की जमीन समेत 58.79 एकड़ पर सरकार का होगा कब्जा

**रामगढ़:** रामगढ़ के रउता वन क्षेत्र में स्थापित ग्लोब स्टील और वैष्णवी फेरो टेक समेत 25 लोगों की जमीन पर सरकार अपना दखल कब्जा करेगी। रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने इस मामले में आदेश जारी कर दिया है। सबसे पहले 58.79 एकड़ जमीन जो गलत तरीके से जमाबंदी की गई थी, उसे सरकार के दखल कब्जे में लाने का आदेश दे दिया गया है। अंचल अधिकारी इस मामले में जल्द ही पहल शुरू करेंगे। डीसी चंदन कुमार ने मांडू, रामगढ़, पतरातु और गोला के अंचल अधिकारियों को आदेश जारी कर दिया है। राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के उप सचिव भागीरथ प्रसाद के द्वारा जारी किए गए आदेश के आधार पर रामगढ़ जिला प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि रामगढ़ जिले के विभिन्न प्रखंडों में कर्मचारियों, पदाधिकारियों की मिली भगत से भूमाफियाओं के द्वारा सरकारी जमीन और वन क्षेत्र की जमीन की गलत तरीके से जमाबंदी कायम कर ली गई थी। उस जमाबंदी के आधार पर सैकड़ो दस्तावेज भी तैयार कर लिए गए थे। मांडू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रउता वन क्षेत्र में उन्हें गलत दस्तावेजों के आधार पर दर्जनों फैक्टरी का निर्माण भी कर दिया गया था। सबसे पहले ग्लोब स्टील फैक्ट्री और वैष्णवी फेरो टेक प्लांट की जमाबंदी रद्द की गई है। इसलिए सबसे पहले उनकी जमीन पर सरकार अपना दखल कब्जा करेगी। इसके बाद रउता वन क्षेत्र में 9 अन्य प्लांट जिनकी जमाबंदी भी 5 महीने पहले ही रद्द हो चुकी है, उनके दस्तावेजों पर शीघ्र ही आदेश आने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि गैरमंजरूआ खास किस्म जंगल भूमि पर अवैध संदेश रूप से कायम जमाबंदी को लेकर बीएलआर एक्ट 1950 की धारा 4-एच के तहत उपायुक्त ने सुनवाई की थी।

## तालाब में डूबने से मजदूर की मौत

**रामगढ़:** रामगढ़ शहर के जरा टोला तालाब में डूबने से एक मजदूर की मौत हो गई। मजदूर की पहचान पलामू जिले के अलखडीह निवासी शिवकुमार (28 ) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही रामगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार शिवकुमार कुछ दिन पहले ही जारा टोला में एक भवन निर्माण के कार्य में मजदूरी करने के लिए पलामू से आया था। यहां ठेकेदार साजन कुमार के द्वारा उसे काम पर लगाया गया था। वह जारा टोला में तालाब में बुधवार की सुबह नहाने गया था और इसी दौरान वह काफी आगे घुस गया जिसकी वजह से वह डूब गए।

## हृदय परिवर्तन सप्ताह के अंतिम दिन महा हवन का आयोजन

**गुमलाः** जिले के प्रखंड, अंचल, अनुमंडल सहित जिला मुख्यालय के सभी समाहरणालय संवर्ग के कर्मी विगत 17 दिनों से अपनी 9 सूत्री मांग को लेकर हड़ताल पर डटे हुए हैं। इस हड़ताल से आम जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई कार्य प्रभावित हो गए हैं। प्रखंड अंचल अनुमंडल सहित जिला मुख्यालय में पूरी तरह कार्य ठप हो जाने के कारण जनता को इधर-उधर भटकने के सिवा कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा है। आम जनमानस भी यही आस लगाई हुई है कि जल्द ही समाहरणालय संवर्ग का हड़ताल समाप्त हो। राज्य सरकार उनकी मांगों को जल्द पूरी करें। इधर जिला संघ के द्वारा राज्य नेतृत्व के आवाहन पर अगस्त की पहली तारीख से मुख्यमंत्री का जायज 9 सूत्री मांगों को लेकर हृदय परिवर्तन हो इसके लिए विभिन्न धार्मिक स्थलों पर पूजा अर्चना कर रहे हैं। जिसे संघ के द्वारा हृदय परिवर्तन सप्ताह के रूप में मनाने का संकल्प लिया गया है। इसी कड़ी में 1 तारीख से 6 तारीख तक विभिन्न समुदाय के धार्मिक स्थलों पर माथा टेकने के बाद सैकड़ो समाहरणालय कर्मचारियों ने धरना स्थल में पूरे विधि विधान से पूजा कर महायज्ञ का आयोजन किया।समाहरणालय संवर्ग के जिला अध्यक्ष योगेंद्र गोप , वरीय उपाध्यक्ष पिंकी तिर्की , त्रिभुवन नाथ निराला ।

## 1008 बोतल शराब बरामद, चार गिरफ्तार

**पलामूः** बिहार में खपाने से पहले शराब की बड़ी खेप पकड़ी गयी है। इस अवैध धंधे में शामिल चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। तीन तस्कर बिहार के, एक पिपरा का निवासी है। पिपरा थाना पुलिस ने यह कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि होलेया मोड़ से कुंड के तरफ जाने वाली निमार्णाधीन सड़क के रास्ते एक अल्टो सुजुकी वाहन में शराब लोड कर बिहार की तरफ जाने की योजना है। अगर त्वरित कार्रवाई की जाए तो तस्कर शराब के साथ पकड़े जा सकते हैं। सूचना के आलोक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी छतरपुर के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन कर किया गया। होलेया मोंड़ से कुंड की तरफ जाने वाले निमार्णाधीन सड़क में कुड़वा ग्राम से आगे चेकिंग लगाया। वाहन चेकिंग के क्रम में समय करीब 16 बजे एक काले रंग की मोटरसाइकिल (बीआर 26 क्यू 5098) पर सवार दो व्यक्ति एवं उसके पीछे एक कार (जेएच01ईएक्स 3239) (जिसमें सवार दो व्यक्ति) आता हुआ दिखाई दिया। उक्त दोनों वाहन चेकिंग प्वाइंट के पास नजदीक आने के बाद पुलिस को देखकर पीछे मुड़कर भागने का प्रयास किया जिसे चेकिंग में शामिल पुलिस बल के सहयोग से रोक लिया गया। पूछताछ के क्रम में चारों व्यक्तियों ने बताया कि हम लोग कार वाहन में देशी शराब कार्टुन में लोड कर टंडवा (बिहार) बेचने जा रहे थे, जिसके लिए दो लोग मिलकर बजाज पल्सर पर सबार होकर अल्टो से आगे आगे चल रहे थे, ताकि पीछे अल्टों में सबार व्यक्ति को रास्ते में अगर कहीं पुलिस हो तो उसकी सूचना दी जा सके एवं दो लोग अल्टो में बैठ कर शराब के साथ चल रहे थे ताकि उक्त देशी शराब को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया जा सके।

# डायन कुप्रथा व नशा अभिशाप खत्म करने के लिए सभी का सहयोग जरूरीः डीसी

मेट्रो रेज

**पलामूः** डालटनगंज टाउन हॉल में बुधवार को समाज कल्याण विभाग की ओर से डायन कुप्रथा, नशा मुक्ति अभियान व स्तनपान सप्ताह विषयक पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। उपायुक्त शशि रंजन, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान व जिला परिषद के अन्य सदस्यों ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की।



मौके पर उपायुक्त ने कहा कि डायन कुप्रथा व नशा एक अभिशाप है और इसे बगैर सभी के सहयोग के खत्म नहीं किया जा सकता है। इसलिए यह जरूरी है कि इन दोनों कुरीतियों को समाप्त करने में प्रशासन का हर संभव मदद करें। उन्होंने कहा कि आज के इस आधुनिक युग में उपरोक्त दोनों कुरीतियों का कोई स्थान नहीं है। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने कहा कि आज जिन तीन विषयों को लेकर कार्यशाला आयोजित किया गया है वे तीनों विषय महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी मुखिया व सेविकाओं से कहा कि आप सभी ग्राउंड जीरो पर कार्य करते हैं। ऐसे में इन कुरीतियों को रोकने में आप सबकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि डायन कुप्रथा अधिकतर ग्रामीण क्षेत्र में होने वाली चीजें हैं। नशा को लेकर उन्होंने कहा कि नशा किसी भी रूप में सही नहीं है।

सिविल सर्जन डॉ अनिल ने स्तनपान की महत्ता पर प्रकाश डाला। जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने भी अपने विचार रखे। कार्यशाला में मासूम आर्ट ग्रुप की तरफ से नशा ही नाश है व डायन विषयक पर नाटक का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के पश्चात सभी ने हस्ताक्षर बोर्ड पर साइन कर इन कुरीतियों को खत्म करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में कई जिला परिषद सदस्य, मुखिया, सेविका समेत अन्य उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र प्रसाद का निधन



**झारखंड** जर्नलिस्ट एसोसिएशन(जेजेए) खूंटी जिला के पहले सदस्य व खूंटी प्रेस क्लब के संस्थापक अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र प्रसाद अब हमारे बीच नहीं रहे। आज सुबह उनका निधन हो गया। वे एक कर्मठ और प्रतिभाशाली पत्रकार थे। उन्हें सांस की शिकायत भी। यह सूचना मिलते ही बीएसपीएस राष्ट्रीय महासचिव शाहनवाज हसन, राष्ट्रीय पार्षद ललन पाण्डेय एवं शैलज सिंह उनके खूंटी आवास पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की। उनका पूरा परिवार देवघर बाबा धाम गया हुआ। इसलिए अंतिम संस्कार कल परिजनों के लौटने पर ही किया जायेगा। उक्त जानकारी उनके अनुज पत्रकार राजकुमार गुप्ता ने दी। इस मुश्किल घड़ी में पूरा मेट्रो रेज परिवार उनके परिवार के साथ

## न्यूज ब्रीफ




### विहिप ने केंद्र सरकार से की बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा की मांग

**रांची:** विश्व हिंदू परिषद की झारखंड सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे नरसंहार, मंदिरों, गुरुद्वारों एवं सभी धार्मिक स्थलों में हो रही तोड़फोड़ हिंसा की घटना की निंदा की। गुरुवार को एक बयान जारी कर कहा कि उन्होंने केंद्र सरकार से अतिशीघ्र बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है और कहा कि हिंसा, हिंदू नरसंहार, विचित्र अनिश्चितता अराजकता के बीच अशांत बांग्लादेश में हिंदुओं का जीवन भयभीत एवं असुरक्षित है, जो कि सनातन हिंदू समाज के लिए बहुत ही चिंतनीय एवं सोचनीय विषय है। वहां पीड़ित अल्पसंख्यकों की हालत बद से बदतर होती जा रही है। ऐसे में विश्व समुदाय की यह जिम्मेदारी है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा एवं मानवाधिकारों की रक्षा के लिए तुरंत प्रभावी कार्रवाई करें। केंद्र सरकार बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने को ठोस पहल करे। उन्होंने कहा कि पूरे बांग्लादेश में हिंदू नरसंहार तथा हिंदुओं के प्रतिष्ठानों, घरों, मंदिरों, गुरुद्वारों में कट्टरपंथी तोड़फोड़ व लूटपाट कर रहे हैं। बांग्लादेश में शायद ही कोई ऐसा जिला बचा हो जो इनकी हिंसा एवं आतंक का निशाना न बना हो। बांग्लादेश में 32 प्रतिशत से अब 8 प्रतिशत बचे हिंदू लगातार जिहादी उत्पीड़न के शिकार हो रहे हैं।

### एनसीएसटी की तीन सदस्यीय टीम 11 से 13 अगस्त तक करेगी संथाल का भ्रमण




**रांची:** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की तीन सदस्यीय टीम 11 से 13 अगस्त तक संथालपरगना क्षेत्र का भ्रमण करेगी। आयोग की तीम सदस्यीय टीम में डा. आशा लकड़ा, जाटोतु हुसैन व निरुपम चाकमा शामिल हैं। 26 जुलाई की रात केकेएम कालेज पाकुड़ के छात्रावास परिसर में पुलिस की ओर से बेरहमी पूर्वक आदिवासी छात्रों की पिटाई की गई थी। इस घटना में व 18 जुलाई की शाम महेशपुर प्रखंड स्थित गायबथान (जिला पाकुड़) गांव में जमीन विवाद को लेकर बाबुरजी हेंब्रम के बीच मारपीट हुई थी। 28 जुलाई को आयोग की ओर से नोटिस जारी कर मुख्य सचिव झारखंड एल ख्यिांग्ते, महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक झारखंड अनुराग गुप्ता, पुलिस अधीक्षक पाकुड़ व उपायुक्त पाकुड़ से इस मामले की जांच कर तीन दिनों के अंदर रिपोर्ट की मांग की गई थी। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आयोग की ओर से निर्णय लिया गया है कि तीन सदस्यीय टीम संथाल परगना क्षेत्र में बदल रही डेमोग्राफी की जांच करेगी।

# आंदोलन कर रहे सहायक पुलिसकर्मियों को मोरहाबादी मैदान खाली करने का आदेश

## जिला प्रशासन ने मोरहाबादी मैदान में किया धारा 144 लागू

मेट्रो रेज



**रांची:** जिला प्रशासन ने गुरुवार को पिछले 36 दिनों से आंदोलन कर रहे सहायक पुलिसकर्मियों को मोरहाबादी मैदान 24 घंटे में खाली करने का आदेश दिया है। स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर मैदान खाली करने का यह आदेश दिया गया है। साथ ही जिला प्रशासन ने मोरहाबादी मैदान में धारा 144 भी लागू कर दिया है।

झारखंड के सहायक पुलिसकर्मी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। बीते दो जुलाई से सहायक पुलिसकर्मी मोरहाबादी मैदान में डटे हैं। स्वतंत्रता दिवस को लेकर प्रशासन को मोरहाबादी मैदान की साफ-सफाई और घेराबंदी करनी है, इसलिए सहायक पुलिसकर्मियों को मैदान खाली करने का आदेश दिया गया है। दूसरी तरफ सहायक पुलिसकर्मियों द्वारा निर्णय लिया जायेगा कि आगे क्या करना है। आंदोलन समाप्त करना है या फिर आंदोलन स्थल को बदलना है। सहायक पुलिसकर्मियों के अनुसार, उन्हें उम्मीद थी कि कैबिनेट में सरकार द्वारा जो आश्वासन दिया गया था, उसे लिखित में लाया जायेगा। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ।

झारखंड पुलिस में समायोजन की मांग को लेकर मोरहाबादी मैदान में धरना दे रहे सहायक पुलिसकर्मी 19 जुलाई को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने निकले थे। इस दौरान उनपर झारखंड पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। सहायक पुलिसकर्मियों की बहाली दस हजार रुपये के मानदेय पर राज्य के 12 जिले गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, दुमका व गिरिडीह में हुआ था।

## आजसू ने मनाया निर्मल महतो का शहादत दिवस




**रांची:** आजसू महानगर ने निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाया। इस अवसर पर आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, आजसू रांची महानगर प्रभारी जितेंद्र सिंह व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अंजुमन इस्लामिया अस्पताल परिसर से स्कूटी की चोरी



**रांची:** राजधानी के अंजुमन इस्लामिया अस्पताल परिसर से बुधवार को अपराह्न 3 बजे के आसपास न्यू पारसटोली, डोरंडा निवासी मोहम्मद मुस्तफा की स्कूटी चोरी हो गई। इस संबंध में लोअर बाजार थाना में पीड़ित ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। स्कूटी के ओनर मोहम्मद मुस्तफा के पुत्र मोहम्मद आरिफ ने बताया कि अंजुमन इस्लामिया अस्पताल में इलाजलत अपनी मां को देखने गए थे। परिसर में स्कूटी खड़ा कर दिया और मां से मिलने गए। मां से मिलकर जब लौटे तो उनकी स्कूटी गायब थी। स्कूटी का ताला तोड़कर चोरी करते हुए चोर की गतिविधियां सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

## डीआईजी ने तीन दिवसीय क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट का किया शुभारंभ



**रांची:** रांची रेंज के डीआईजी अनुप बिरथरे ने कांके रोड स्थित रांची पुलिस लाइन में बुधवार को तीन दिवसीय क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट का शुभारंभ किया। इस ड्यूटी मीट में एसएसपी चन्दन सिन्हा, सहायक निदेशक राज्य फिंगर प्रिंट ब्यूरो संतोष सुधाकर, सहायक निदेशक एफएसएल डॉ. अमित कुमार के अलावा दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र के सभी जिला से आए प्रतिभागी उपस्थित हुए। इस ड्यूटी मीट में अनुसंधान की बारीकियां और अनुसंधान में वैज्ञानिक सहायता, कम्प्यूटर साक्षरता, श्वान दस्ता के दक्षता की परीक्षा के साथ प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। डीआईजी ने नये बीएनएसएस के प्रावधानों का अनुपालन डीएनए के लिए साक्ष्यों का संकलन और संरक्षण की उपयोगिता के बारे में बताया।

**Mukhyamantri Laghu Evam Kutir Udyam Vikas Board**
(Government of Jharkhand Undertaking)
4th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi 834001

**Notice Inviting E-Tender**

**Ref. No:MMLKUVB/632** **Date: 06.08.2024**

Mukhyamantri Laghu Evam Kutir Udyam Vikas Board invites E-tenders from reputed Suppliers / Manufacturers / Distributors / Authorized Dealers for Supply, installation and commissioning of machines and equipment for the Gold and Silver Jewellery cluster at Sukrigarha, Ramgarh, Jharkhand under the SFURTI scheme of MSME, Government of India.

**Time Schedule:**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Scope of Work | Supply, Installation and commissioning of machnies and equipment for the Gold and Silver Jewellery cluster at Sukrigarha, Ramgarh, Jharkhand. |
| 3. | Tender Fee | A non-refundable tender fee of Rs.5,900.00 (inclusive of 18% GST) (Rupees Five Thousand Nine Hundred only) payable to MUKHYAMANTRI LAGHU EVAM KUTIR UDYAM VIKAS BOARD, Ranchi, Jharkhand, India. |
| 2. | Earnest Money Deposit (EMD) @ 2% of the estimated cost | Rs.92,000.00 (Rupees Ninety Two Thousand only) payable to MUKHYAMANTRI LAGHU EVAM KUTIR UDYAM VIKAS BOARD, Ranchi, Jharkhand, India. |
| 4. | Date of publication of Bid on Website | 08.08.2024 |
| 5. | Bid Document download start date | 08.08.2024 |
| 6 | Pre-bid meeting | 12.08.2024 at 12:00 pm Online meeting link: https://meet.google.com/eip-pmww-zqv |
| 7. | Bid submission start date | 14.08.2024, 02:00 pm onwards |
| 8. | Last date of submission of Technical & Financial Bid | 29.08.2024 by 03:00 pm |
| 9. | Opening of Technical Bid | 30.08.2024 at 04:00 pm |
| 10. | PowerPoint presentation (PPT) and Opening of Financial Bid | Shall be communicated later |
| 11. | Name & address of Office inviting tender | Mukhyamantri Laghu Evam Kutir Udyam Vikas Board<br>4th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi 834001 |

Detailed tender document, eligibility criteria etc. may be downloaded from the **website: mmlkuvb.jharkhand.gov.in/ www.jharkhandtenders.gov.in** or collected from the office of the Board during office hours in between 11:00hrs to 17:00hrs on any working day.

Mukhyamantri Laghu Evam Kutir Udyam Vikas Board reserves the right to cancel or/and postpone the tender or reject any bid without assigning any reason at any point of time or stage of the tender.

PR 332083 (Mukhyamantri Laghu And Kutir Udyam Vikas Board) 24-25 (D)

Sd/-
Chief Executive Officer

Contact Detail: Mukhyamantri Laghu evam Kutir udyam Vikas Board
4th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi – 834001 (Jharkhand)
Email- contact.cmlaghukutir@gmail.com, Phone: 9102216666, 9262219999

### मुख्यमंत्री ने डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन का नाम बदलने पर दी सहमति

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पलामू जिला के अंतर्गत डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन का नाम परिवर्तित कर मेदिनीनगर रेलवे स्टेशन किए जाने के प्रस्ताव पर सैद्धांतिक सहमति प्रदान कर दी है, ताकि इसे अग्रतर कार्रवाई के लिए गृह मंत्रालय, केंद्र सरकार को प्रेषित किया जा सके।

# मतदान के प्रति शहरी उदासीनता को दूर करने के लिए नगर निकाय निभाएं प्रेरक की भूमिका : रवि कुमार

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने नगर निकायों के प्रशासकों के साथ की बैठक




**रांची,:** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने पूर्ण निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को नगर निकायों के पदाधिकारियों के साथ प्रोजेक्ट भवन सभागार में बैठक की। बैठक में सीईओ ने कहा कि शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक एवं मतदान-सजग बनाने के लिए नगर निकायों के पदाधिकारियों की भूमिका अहम है। वर्तमान में मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य जारी है। केंद्रीय निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार अगले दो हफ्तों के अंदर मतदाता सूची का प्रकाशन होने जा रहा है। इन दो सप्ताह के भीतर ही मतदाता होने की पात्रता रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति का मतदाता पंजीकरण के लक्ष्य को हमें प्राप्त करना है।

उन्होंने कहा कि नगर निगम के कर्मियों की प्रत्येक शहरी घर तक प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष पहुंच है। उनकी सहायता से हमारे बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर मतदाता सूची के घर-घर सर्वेक्षण में बेहतर कार्य कर सकते हैं। इन दो हफ्तों में नगर निकाय एवं निर्वाचन के पदाधिकारियों को टीम भावना से काम करना है जिससे शहरी क्षेत्र का एक भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रह पाये।

उन्होंने बताया कि निर्वाचन के कार्य के लिए शहरी क्षेत्रों में 69 अतिरिक्त एईआरओ भी लगाए गए हैं। इनके योगदान से नगर निकाय एवं निर्वाचन कार्यालय के बीच बेहतर सामंजस्य की स्थिति बनी है। सभी विभागों के बेहतर तालमेल के परिणाम स्वरूप ही विगत लोकसभा निर्वाचन में राज्य का बेहतर प्रदर्शन रहा। ठीक उसी प्रकार आगामी विधानसभा चुनाव में भी टीम भावना से कार्य करना होगा। नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अरवा राजकमल ने कहा कि लोकसभा चुनाव की भांति विधानसभा चुनाव में भी नगर निकायों के पदाधिकारी की बेहतर भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र के बहुत सारे मतदाताओं द्वारा अपने आवास जल्दी-जल्दी बदलने से निर्वाचन कर्मियों को उनके सत्यापन में परेशानी होती है। ऐसे मामलों में नगर निकाय के कर्मियों द्वारा समन्वयात्मक सहयोग जरूर किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का काम भी नगर निकाय स्तर से किया जा सकता है।

रवि कुमार ने कहा कि शहरी रैन बसेरों में रह रहे बेघर लोगों का चिह्नितीकरण एवं मतदाता पंजीकरण के कार्य में भी निकायों से सहयोग अपेक्षित है। सूडा निदेशक अमित कुमार ने कहा कि निकायों के क्षेत्रकर्मी निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारियों की घर-घर मतदाता सर्वेक्षण एवं जागरुकता अभियान में सहयोग करें। बैठक में नगर विकास विभाग के सचिव के अलावा सूडा एवं डीएमए के निदेशक के अलावा नगर विकास विभाग, नगर निकायों एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

**STATE HIGHWAYS AUTHORITY OF JHARKHAND**
Government of Jharkhand
(Deen Dayal Nagar, Near N. H Division, Booty Road, Ranchi, Pin-834008)
E-mail: membertechnical.shaj3@gmail.com

**CORRIGENDUM**
For
Construction of 4 lane elevated road from near Sahajanand Chowk to near Judge Colony, Ranchi (Approximate Length-3.00 km.).
PR No. 330477 State Highways Authority of Jharkhand(24-25)#D
Published on 24.07.2024
Ref No: SHAJ/Proc/CW/ Sahajanand Chowk - Judge Colony /2024/439 Date:06.08.2024

| Sl. | For | Read |
|---|---|---|
| 1 | The interested bidders who have experience in execution of similar works and required technical & financial strength may obtain Request for Proposal (RFP) document for Engineering, Procurement & Construction document from-e tendering portal www.jharkhandtnders.gov.in from **08.08.2024 (03:00 P.M.) to 09.09.2024 (upto 12:30 P.M.).**<br>The complete RFP Application shall be submitted online by **09.09.2024 (upto 12:30 PM)** on e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in All the details regarding this RFP will bavailable on the above mentioned websiteIt will opened on **10.09.2024 (at 12:30 PM).** | The interested bidders who have experience in execution of similar works and required technical & financial strength may obtain Request for Proposal (RFP) document for Egineering, Procurement & Construction document from-e tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in from **13.08.2024 (0300 P.M.) to 12.09.2024 (upto 12:30 P.M.).**<br>The complete RFP Application shall be submitted online by **12.09.2024 (upto 12:30 PM)** on e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in All the details regarding this RFP will be available on the above mentioned websiteIt will opened on **13.09.2024 (at 12:30 PM).** |

**Note: The approximate cost of the work and Bid Security (EMD) are subject to variation depending on conditions.**

Sd/-
Member(Technical)
State Highways Authority of Jharkhand

PR 332106 (State Highway Authority of Jharkhand) 24-25 (D)

## सूक्ति

मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़ः
अटल बिहारी वाजपेय

## पड़ोसियों के संकट

**बांग्लादेश** के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने और देश छोड़ने के बाद संसद भंग कर दी है। सेना प्रमुख जनरल वकार ने कहा कि जल्द ही अंतरिम सरकार का गठन किया जाएगा। हसीना अपनी बहन के साथ अस्थायी शरण के लिए भारत में हैं परंतु उनकी लंदन जाने की योजना अटक गई प्रतीत हो रही है। ब्रिटेन सरकार ने संकेत दिए हैं कि उनके देश में चल रहे हिंसक प्रदर्शनों के कारण कानूनी सुरक्षा मिलने में अड़चनें आ सकती हैं। दूसरा अभी यह भी बताया जा रहा है कि शेख हसीना अस्वस्थ हैं और इस सूरत में यात्रा करने में परेशानी का सामना कर सकती हैं। इसलिए उनका भारत में कुछ रोज और रुकना हो सकता है। हसीना के परिवार के कुछ सदस्य फिनलैंड में भी हैं। उनकी बहन की बेटी ब्रिटिश संसद की सदस्य हैं। भारत सरकार मामले पर पैनी नजर रखे हुए है। वहां मौजूद भारतीयों और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर भी सतर्क है। भारत और बांग्लादेश के दरम्यान त्रेपन सालों से द्विपक्षीय संबंध हैं परंतु हसीना का सत्ता में न रह पाना मुश्किलें पैदा कर सकता है। लंबे समय से जेल में बन्द बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की प्रमुख खालिदा जिया को रिहा कर दिया गया है। खालिदा का झुकाव हमेशा इस्लामिक कट्टरपंथियों की तरफ रहा है जिसका लाभ उठाने में चीन और पाकिस्तान चूकने वाले नहीं। चूंकि भारतझबांग्लादेश के दरम्यान हजारों किलोमीटर की सीमा है। लिहाजाङ्क शांति योजनाओं को झटका लगने का अंदेशा खासा बढक्ष्रूगया है। इस सारे संकट में विदेशी सरकारों का हाथ होने से भी इंकार नहीं किया जा रहा है जिसकी बुनियाद को समझना बेहद जरूरी है। वहां नये चुनाव होंगेङ्क शेख हसीना को उसमें शामिल किया जाएगा या सत्ता को सेना अपने हाथ में ही रखेगीङ्क यह कुछ अभी स्पष्ट नहीं है। हालांकि वहां सैन्य शासन नई बात नहीं है। मगर इससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया को खासी ठेस पहुंचती है। हसीना को भारत सरकार पहले भी राजनीतिक शरण दे चुकी है। इसलिए हम उनकी आंख की किरकिरी बने हुए हैं। इस मुस्लिम देश में यदि अधिक वक्त तक अस्थिरता रहती है तो यह भारत के लिए भी अच्छा नहीं है क्योंकि कट्टरपंथियों, आतंकवादी संगठनों के हौसले बढ़ेगे और कानून-व्यवस्था ढुलमुला सकती है जो शेख हसीना के राज में बांग्लादेश की संभली अर्थव्यवस्था के अनुकूल तो कतई नहीं कही जा सकती। पड़ोसी देशों में होने वाली राजनीतिक अस्थिरता हमारे लिए संकट का सबब होसकती है।

## भारत विरोधी बांग्लादेश

**बांग्लादेश** के साफ संकेत हैं कि अब वहां कट्टरपंथियों और भारत-विरोधी ताकतों का वर्चस्व होगा। आतंकवाद का खतरा बढ़ेगा। बांग्लादेश में भी तालिबान सक्रिय होंगे। वहां के प्रधानमंत्री आवास को आम जनता के लिए इस कदर खोल रखा गया है मानो कोई मेला लगा हो! कुछ युवा चेहरों की अश्लील, असभ्य, विद्रूप मानसिकता सार्वजनिक हुई है, जब उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की ब्रा और अंतर्वस्त्र सरेआम लहराए हैं। ऐसे युवा कुछ भी हो सकते हैं, लेकिन आंदोलनकारी छात्र नहीं हो सकते। वे बेशर्म जमात भी हो सकते हैं, लेकिन अपने ही मुल्क का अपमान कर रहे हैं। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और जमात-ए-इस्लामी दोनों ही कट्टरवादी दल हैं और पाकपरस्त भी हैं। अंतरिम सरकार बनने से पहले ही दोनों दलों के करीब 9000 कार्यकताओं को जेलों से रिहा कर दिया गया है। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया और उनके पुत्र तारिक रहमान की सरपरस्ती में इन दलों ने आम जनसभा को संबोधित भी किया है। तारिक हत्या के तीन मामलों में उम्रकैद के सजायाफ्ता हैं, लेकिन वह लंदन में स्वनिर्वासन में थे। अभी ढाका लौट कर आए हैं, तो अदालतें फिलहाल खामोश और निष्क्रिय हैं। प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार में मंत्री रहे 10 और अन्य बड़े नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया है। दरअसल बीएनपी और जमात के साथ पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने सौदेबाजी की है कि शेख मुजीब की सियासी विरासत की प्रतीक अवामी लीग पार्टी का नामोनिशां ही मिटा दिया जाए, ताकि 1971 की बगावत की मुकम्मल सजा दी जा सके। हसीना के बांग्लादेश छोड़ कर चले जाने के साथ ही शेख मुजीब की सियासी विरासत तो समाप्त हो गई। पाकिस्तानी फौज गदगद है और लड्डू खा रही है। ऐसी सूचनाएं भी हैं कि आईएसआई लंदन में तारिक रहमान और जमात के नेतृत्व के साथ 2018 से ही तख्तापलट की साजिश रच रही थी, लेकिन अभी तक नाकाम रही थी। मौजूदा आंदोलन का आवरण छात्रों का था, लेकिन उनकी आड़ में जमात और बीएनपी के कार्यकताओं ने ही आंदोलन को तख्तापलट का रूप दिया था। जमात का छात्र संगठन ही आंदोलन और बगावत के पीछे सक्रिय था। बेशक शेख हसीना को मुल्क छोड़े तीन दिन गुजर चुके हैं, लेकिन बांग्लादेश के हालात अब भी सामान्य नहीं हुए हैं। करीब 125 लोग बीते एक दिन में मारे गए हैं। कुल मौतों की संख्या 450 से अधिक हो गई है। चूंकि प्रधानमंत्री के तौर पर हसीना भारत-समर्थक थीं। दोनों देशों ने कई साझा परियोजनाएं शुरू कीं और पुराने विवादों को भी खत्म किया। अब अंतरिम सरकार के दौर में कट्टरपंथी और भारत-विरोधी ताकतें ऐलानिया कह रही हैं कि उन परियोजनाओं की जांच और समीक्षा की जाएगी। बांग्लादेश के एक तबके का भारत-विरोध इनसे स्पष्ट होता है कि बीते तीन दिनों में ही 30 हिंदू मंदिर तोड़ दिए गए। उनमें आस्था की देव-मूर्तियों को भी खंडित कर ध्वस्त किया गया। मंदिरों में आग लगा दी गई। हिंदुओं के 300 से अधिक घर और उनकी दुकानें भी तोड़ी गईं और आगजनी भी की गई। बीते कुछ सालों के दौरान करीब 3600 हिंदू मंदिरों को तोड़ा जा चुका है और उन्हें आग के हवाले किया जाता रहा है। क्या बांग्लादेश हिंदू-विरोधी भी हो रहा है? बांग्लादेश में हिंदुओं की आबादी अब मात्र 7.9 फीसदी है, जबकि 1971 में देश-निर्माण के वक्त यह आबादी करीब 23 फीसदी थी। बेशक हिंदू घोर अल्पसंख्यक हैं। क्या मोदी सरकार प्रभावी हस्तक्षेप करेगी? बीएनपी की सरकार पहले भी बांग्लादेश में रही है। जमात भी भारत का विरोध करती रही है। जमात तो 1971 में भी पाकिस्तानपरस्त था और बांग्लादेश बनाने के अभियान के खिलाफ था। यह भी हकीकत है कि बांग्लादेश कई मामलों में भारत के भरोसे रहा है। हकीकत यह भी है कि अब बांग्लादेश में करीब 80 फीसदी सैन्य हथियार चीन से आते हैं। क्या नई सरकार चीन के साथ अपने संबंध मजबूत करेगी और भारत का खुलेआम विरोध करेगी? भारत के लिए घुसपैठ और शरणार्थियों का आना भी बेहद गंभीर चुनौती है। उसे किस तरह नियंत्रित किया जा सकता है? बहरहाल अभी तो निगाहें बांग्लादेश के घटनाक्रम पर टिकी रहेंगी। शेख हसीना किस देश में जाना चाहेंगी, यह भी चिंतित सवाल है। हिंदुओं पर हो रहे हमले भी चिंता पैदा करते हैं।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार पर विपक्ष का मौन

पड़ोसी देश पाकिस्तान की तरह बांग्लादेश में भी दशकों से हिन्दू समुदाय के खिलाफ उत्पीड़न जारी है, जिसके परिणामस्वरूप बांग्लादेश में हिन्दू आबादी में तेजी से कमी आई है। 1971 में 22 प्रतिशत से घटकर 2022 में हिन्दू आबादी 7.9 प्रतिशत हो गई है। पिछले कुछ वर्षों में बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के खिलाफ बलात्कार, हत्या, हिंदू धार्मिक संस्थानों पर हमले, जमीन हड़पना, जबरन मतांतरण एक सामान्य घटना बन गई थी। आंकड़ों के आलोक में बात की जाए तो वर्ष 2022 में बांग्लादेश में इस्लामवादियों द्वारा 154 हिन्दू लोगों की हत्या कर दी गई और 424 हिन्दू लोगों को इस्लामिक बदमाशों द्वारा मारने का प्रयास किया गया। इसी अवधि के दौरान 849 लोगों को जान से मारने की धमकी दी गई और उन हमलों में 360 लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। इनमें से 62 लोग अब भी लापता हैं।

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

**बांग्लादेश** में शेख हसीना के इस्तीफा देकर भागने के बाद से देश के अंदर हिन्दुओं के ऊपर अत्याचार शुरू हो गया है। बांग्लादेश में जगह-जगह पर हिन्दू मंदिरों और हिन्दू समुदाय पर हमले की खबरें आ रही हैं। बांग्लादेश से आ रही रिपोर्ट से पता चलता है कि हिन्दुओं के घरों और मंदिरों को निशाना बनाया गया है। इस्कॉन और काली मंदिर पर हमले हुए हैं, जिसके बाद हिन्दुओं को जान बचाने के लिए छुपना पड़ा है। मोदी सरकार पूरे मामले में पर नजर बनाए हुए हैं। लेकिन इन सबके बीच विपक्ष का बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार, लूटपाट और हिंदू मंदिरों पर हुए हमलों पर एक शब्द न बोलना कई प्रश्न खड़े करता है।

बांग्लादेश में एक हिन्दू संगठन ने दावा किया है कि शेख हसीना के हटने के बाद से सैकड़ों हिन्दू घरों, प्रतिष्ठानों और मंदिरों पर हमले किए गए। बांग्लादेश की 170 मिलियन आबादी में करीब 8 फीसदी हिन्दू हैं और उन्होंने ऐतिहासिक रूप से शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी को सपोर्ट किया है, जो मुख्य रूप से धर्मनिरपेक्ष के रूप में जानी जाती है। इसके उलट विपक्षी गठबंधन में एक कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी शामिल है।

बांग्लादेश के 27 जिलों में घरों में घुसकर हिन्दुओं के साथ मारपीट की जा रही है। हिन्दुओं के घरों में आग लगाई जा रही और उनकी दुकानें लूटी जा रही है। हिन्दुओं का बेरहमी से कत्लेआम हो रहा है। मंदिरों को आग के हवाले किया जा रहा है। हिंसा की आग में जल रहे बांग्लादेश में जगह- जगह धुआं उठ रहा है। हिन्दुओं की बस्तियों में चीख-पुकार मची है। पूरे देश में दंगाइयों ने आतंक का तांडव मचा दिया है। दंगाइयों ने बांग्लादेश के खुलना डिवीजन में एक इस्कॉन मंदिर को फूंक दिया। एक काली मंदिर में भी तोड़फोड़ के बाद आग लगा दी। हिन्दुओं पर हो रहे हमले और अत्याचार की घटनाओं के बाद भी विपक्ष ने बेशर्मी का चोला धारण कर रखा है। इंडी गठबंधन के किसी एक भी नेता ने हिन्दुओं पर हो रहे हमले की खुलकर निंदा नहीं की। उलटे इन राजनीतिक दलों के समर्थक और सोशल मीडिया की टीमें ऐसे संदेश लगातार प्रसासित और प्रचारित कर रहे हैं कि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार की खबरें फर्जी हैं। ऐसी खबरें तो देश की जनता को भड़काने के लिए स्वयं हिन्दूवादी संगठन फैला रहे हैं। बेशर्मी की हद तक इनकी राजनीति गिर चुकी है।

वहीं, बांग्लादेश में तख्तापलट की घटना के बाद से ही सोशल मीडिया पर ऐसे मैसेज की बाढ़ सी आ गई, जिसमें धमकी भरे अंदाज में समझाया गया कि 'देश की जनता तानाशाह का तख्तापलट कर देती हैं। डरा नहीं रहा हूं, बस बता रहा हूं।' इस पूरे मामले में देश की सबसे पुराने और सबसे ज्यादा शासन करने वाले दल कांग्रेस की चुप्पी हैरानी से ज्यादा चिंता का विषय है। 2024 के चुनाव में जिस तरह कांग्रेस और इंडी गठबंधन में शामिल दलों ने मुस्लिम तुष्टिकरण को हवा दी, उससे आने वाले समय में हिन्दुओं की चिंता बढ़ना स्वाभाविक है।

इंडी गठबंधन के किसी भी नेता ने यहां तक कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तक ने बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार पर न एक शब्द बोला और सोशल मीडिया पर लिखा। मुस्लिम तुष्टिकरण करने वाले दल और नेता हिन्दुओं से जुड़े हर मुद्दे पर प्रायः चुप्पी साध लेते हैं। बांग्लादेश में जो भीड़ अत्याचार कर रही है, वो मुस्लिम है। उनके निशाने पर हिन्दू जनता और उनके मंदिर, दुकान और घर हैं। बावजूद इसके बड़ी बेशर्मी से ऐसे दलों के चेहते पत्रकार, यू -ट्यूबर और सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर मुस्लिम आतंकियों, दहशतगर्दों और हिंसक भीड़ का समर्थन करते दिखाई देते हैं। इन आतंकियों, उपद्रवियों और गिरी मानसिकता वाली भीड़ को आंदोलनकारी साबित करने में जुटे हैं। वैसे भी इनके लिए आतंकी मासूम और राह भटके हुए युवा ही होते हैं। पड़ोसी देश पाकिस्तान की तरह बांग्लादेश में भी दशकों से हिन्दू समुदाय के खिलाफ उत्पीड़न जारी है, जिसके परिणामस्वरूप बांग्लादेश में हिन्दू आबादी में तेजी से कमी आई है। 1971 में 22 प्रतिशत से घटकर 2022 में हिन्दू आबादी 7.9 प्रतिशत हो गई है।

पिछले कुछ वर्षों में बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के खिलाफ बलात्कार, हत्या, हिंदू धार्मिक संस्थानों पर हमले, जमीन हड़पना, जबरन मतांतरण एक सामान्य घटना बन गई थी। आंकड़ों के आलोक में बात की जाए तो वर्ष 2022 में बांग्लादेश में इस्लामवादियों द्वारा 154 हिन्दू लोगों की हत्या कर दी गई और 424 हिन्दू लोगों को इस्लामिक बदमाशों द्वारा मारने का प्रयास किया गया। इसी अवधि के दौरान 849 लोगों को जान से मारने की धमकी दी गई और उन हमलों में 360 लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। इनमें से 62 लोग अब भी लापता हैं। इसी साल बांग्लादेश में 39 हिन्दू महिलाओं के साथ बलात्कार किया गया और 27 हिन्दू महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया। 17 हिन्दू महिलाओं की बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई और 55 अन्य महिलाओं के साथ छेड़छाड़ और बलात्कार करने का प्रयास किया गया। बांग्लादेश में 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2022 के दौरान 152 हिन्दू महिलाओं को जबरन इस्लाम कबूल कराया गया।

बात वर्ष 2021 की करें तो इस वर्ष भी बांग्लादेश में 46 हिन्दू महिलाओं के साथ बलात्कार किया गया, और 411 से अधिक हिन्दू महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की गई। 32 हिन्दू लोगों को कट्टरपंथियों द्वारा गोमांस खाने के लिए मजबूर किया गया और उसी वर्ष 252 हिन्दुओं को मार दिया गया। बांग्लादेश हो या फिर पाकिस्तान कहीं भी हिन्दुओं के साथ अत्याचार, उत्पीड़न, बलात्कार, धर्मांतरण, मंदिरों पर हमले और लूटपाट की किसी भी घटना पर विपक्ष की जुबान बंद ही रहती है। मुस्लिम व्यक्ति का नाम अपराधी, आतंकी और उपद्रवी के तौर पर सामने आते ही कांग्रेस समेत मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले तमाम राजनीतिक दलों और नेताओं को सांप सूंघ जाता है। इन नेताओं के आंसू गाजा में हो रहे हमलों और अत्याचार पर तो निकलते हैं, लेकिन बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे हमले और अत्याचार पर इनके मुंह से हमदर्दी के दो शब्द नहीं निकलते। यही इनका दोगलापन और दोहरा व्यवहार है, जिसे ये गंगा जमुनी तहजीब और फर्जी सेक्युलरिज्म की आड़ में छुपाते हैं। पिछले कई सालों से देश में कई दलों के नेताओं ने सनातन धर्म का अपमान, हिन्दुओं के आराध्यों के बारे में अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी और बयान दिये हैं। लेकिन किसी भी मुद्दे पर इंडी गठबंधन ने ऐसे नेताओं की निंदा नहीं की। राजनीतिक दलों ने ये उनका व्यक्तिगत बयान है कह कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के दिल में हिन्दुओं के प्रति कितनी नफरत भरी है, यह एक नहीं, कई बार उजागर हुआ है। यह तुष्टिकरण की राजनीति की पराकाष्ठा ही है कि वे हिन्दुओं के लिए बार-बार अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हैं। उन्हें भला-बुरा कहते हैं और हिंसक बताते हैं। यहां तक कि हिन्दू देवी-देवताओं का अपमान तक करते हैं। पहले राहुल गांधी ने शक्ति का संहार करने की बात कही थी और अब धन की देवी लक्ष्मी और ज्ञान की देवी सरस्वती जिस कमल पर विराजती हैं, उसके बारे में ही संसद में अनाप-शनाप बोला।

# भारत के मानसूनी रंग

यूं तो गोआ जनवरी से दिसम्बर तक उत्सव के मूड में ही रहता है, लेकिन मानसून में वह विशेष रूप से साओ जोआओ उत्सव मनाता है, जो इतना जिंदादिल होता है कि रंगों और उत्साह से भरा होता है। हर साल 24 जून को सेंट जॉन द बैप्टिस्ट का सम्मान करते हुए मनाये जाने वाले इस उत्सव की विशिष्ट परम्पराएं हैं, जिनमें फूलों के ताज पहनकर पानी में कूदना भी शामिल है। इस उत्सव में फलों, ड्रिंक्स आदि उपहारों का आदान–प्रदान भी होता है। गांवों में नदी किनारे आपको कार्निवल बोट्स भी देखने को मिलेंगी।

**राकेश दुबे**

**कश्मीर** से कन्या कुमारी तक मानसून भारत को तरबतर कर रहा है। कहीं मौसम जन्य विभीषिका दिख रही है तो कहीं हरीतिमा ओढ़े प्रकृति खड़ी है, सही अर्थों में भारत की सांस्कृतिक विविधता ऐसी है कि कोई भी मौसम हो उत्सवों पर कभी विराम लगता ही नहीं है, पूरे साल जारी रहते हैं। मानसून का तो अपना ही मूड होता है, लेकिन देश के अलग-अलग हिस्सों के अपने अलग विशिष्ट उत्सव हैं। देश में हर मौसम की अपनी क्षेत्रीय परम्पराएं व रिवायतें हैं। जब बारिश पड़ने के बाद हर जगह हरियाली छा जाती है तो कश्मीर से कन्याकुमारी तक की विभिन्न संस्कृतियों में अलग-अलग तरह से जश्न मनाये जाने लगते हैं। जैसे पुरी, ओडिशा की रथ यात्रा भारत का सबसे विख्यात मानसून उत्सव है। दुनिया के हर कोने से भक्तगण इस रथ यात्रा में शामिल होने के लिए आते हैं। आदि पेरुक्कू मानसून महोत्सव मुख्यतः तमिलनाडु का उत्सव है जो तमिल महीने आदि के 18वें दिन मनाया जाता है। यह उत्सव महिला केंद्रित है और पानी के जीवन-निर्वाह गुणों को भावांजलि देने के लिए मनाया जाता है। यह तमिलनाडु की नदियों, घाटियों, पानी के टैंकों, झीलों, कुओं आदि के पास मनाया जाता है, जब उनमें पानी का स्तर काफी बढ़ जाता है और मानसून की शुरूआत होती है। मान्यता यह है कि पानी ही जीवन है क्योंकि बारिश से ही झील, तालाब, नदी जल के स्रोत भरते हैं। इस उत्सव में महिलाएं पानी के परवरिश करने के गुणों की पूजा करती हैं, जिसके कारण जीवन सुरक्षित है।

यूं तो गोआ जनवरी से दिसम्बर तक उत्सव के मूड में ही रहता है, लेकिन मानसून में वह विशेष रूप से साओ जोआओ उत्सव मनाता है, जो इतना जिंदादिल होता है कि रंगों और उत्साह से भरा होता है। हर साल 24 जून को सेंट जॉन द बैप्टिस्ट का सम्मान करते हुए मनाये जाने वाले इस उत्सव की विशिष्ट परम्पराएं हैं, जिनमें फूलों के ताज पहनकर पानी में कूदना भी शामिल है। इस उत्सव में फलों, ड्रिंक्स आदि उपहारों का आदान-प्रदान भी होता है। गांवों में नदी किनारे आपको कार्निवल बोट्स भी देखने को मिलेंगी। उत्तर पूर्व भारत के पहाड़ों के बीच में बसा मेघालय अपने मानसून उत्सव बेहदीनखलम में बहुत गहरी छलांग लगाता है। बेहदीनखलम का अर्थ होता है बुरी शक्तियों को भगाना। इसलिए इस उत्सव को मनाने के पीछे का उद्देश्य भी हैजा व अन्य महामारियों से मेघालय के वासियों को सुरक्षित रखने की कामना करना है। साथ ही इस उत्सव में भगवान से यह भी मांगा जाता है कि उनके समुदाय को समृद्धि और अच्छी फसल का वरदान दे। लद्दाख का मानसून उत्सव हेमिस सबसे सम्मानित बौद्ध मठ हेमिस गोम्पा में आयोजित किया जाता है, जो कि ह्यलैंड ऑफ हाई पासेसह्ल में है। यह उत्सव पूरे दो दिन तक मनाया जाता है और इसका संबंध गुरु पद्मसंभव के जन्म दिवस से भी है, जो तिब्बती चंद्र माह के दसवें दिन पड़ता है। दूसरे शब्दों में इस उत्सव की टाइमिंग कुछ ऐसी है कि लगभग जुलाई के मध्य में ही इसका आयोजन होता है। इस उत्सव का मुख्य आकर्षण चाम है जो कि तांत्रिक बुद्ध मत का बुनियादी पहलू है। इस उत्सव में विस्तृत कपड़े, पगड़ी, जेवर आदि पहनकर भिक्षु नृत्य नाटक करते हैं। देश की हिंदी पट्टी के नाम से चिन्हित प्रदेशों में सावन के झूलों और कजरी गाने की परंपरा है तो बुंदेलखंड में यह काल आल्हा को समर्पित रहता है। मानसून में आकाश का रंग कुछ भी भारत के रंगों की छटा निराली होती है।

# कटु औषध

## चिंतन-मनन

**डॉ. ज्ञानानंददास स्वामी**

**गुरु** मूर्तिकला में बड़े निपुण थे। उनका एक शिष्य भी उनके जैसा कुशल बनने के लिए तत्पर था। वह एक से बढ़कर एक सुंदर मूर्तियों को बनाता और गुरु को दिखाता परन्तु गुरु ने कभी उसकी कला की प्रशंसा नहीं की ऊपर से हमेशा उसकी कमियां निकाल कर सुधार करने की शिक्षा देते। एक दिन शिष्य ने एक सुंदर मूर्ति बनाई और उसे जमीन में गाड़ दिया! जब गुरु को शिष्य की युक्ति के अनुसार यह मूर्ति जमीन से निकली हुई मिली तो गुरु ने सामने से शिष्य से कहा, ,कितनी सुंदर, आकर्षक और सौम्य मूर्ति है! तुम्हें भी ऐसी बनानी सीखनी चाहिए।' ,मैंने ही इसे बना कर यहां रखा था' शिष्य ने अपनी जीत के गुमान में सब कह दिया। अपने कड़वे शिक्षा के शब्दों की इस प्रतिक्रिया को गुरु समझ गए। गुरु ने कहा, अब तुम्हारी प्रगति पहले जैसी नहीं हो सकती। आज तक तुम मेरे कड़वे शिक्षा वचनों से प्रेरित होकर निरंतर सुधार करते जा रहे थे किंतु अब वह प्रक्रिया ठहर जाएगी।' इस प्रकार दयालु गुरु हमें कड़वी सच्चाई बता कर हमारी गलतियों को सुधारते हैंङ्क और हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। इससे मुमुक्षु का भ्रम दूर हो जाता है और वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो जाती है। भगवान कृष्ण दुःखी शरणागत शिष्य अर्जुन को पहले कायर और अयोग्य कहकर डांटते हैं। उसकी सारी तर्क भरी बातों को प्रज्ञावाद (दिखावा) घोषित कर देते हैं। उसकी दया को अधर्म में स्थान देते हैं। यहां अमृत के समान मीठा फल देने वाली गीता के उपदेश का आरंभ कड़वाहट भरा जरूर लगेगा। भगवान के ये शब्द कटु औषधि के समान थे जो अर्जुन के कर्त्तव्यहीनता रूपी गंभीर रोग के निराकरण के लिए थे। हम भी अर्जुन की तरह रोगी हैं किंतु उस रोग को मिटाने के लिए हम औषधि भी सरल, सीधी और मीठी मांगते हैं,लेकिन महंतस्वामी महाराज कहते हैं कि जीवन के तूफानों से जूझने के लिए विपरीत परिस्थितियों में स्थिरता के लिए केवल लाड़-प्यार नहीं चलता। अपने शिष्य को जीवन के कठोर सत्य का सामना करने के लिए वज्र बनाना आवश्यक है। जी हांङ्क पैरों में चुभे कांटे को फूंक मार कर नहीं निकाल सकते उसे निकालने के लिए तीक्ष्ण सूई जरूरी है।

## आपके पत्र

### हथकरघा को और बढ़ावा मिले

**सात** अगस्त को हमारे देश में हर वर्ष की भांति राष्ट्रीय हथकरघा अर्थात हैंडलूम दिवस मनाया गया। वर्ष 1905 में जब अंग्रेजी शासक लार्ड कर्जन ने बंगाल विभाजन की कोशिश की, तो उसी समय कोलकाता के टाउनहॉल में हमारे देश के लोगों ने स्वदेशी आंदोलन का श्रीगणेश किया था। इस कारण भी यह दिवस 7 अगस्त को मनाया जाता है। हथकरघा हमारे देश की सभ्यता और संस्कृति की एक पहचान भी है। इनमें हमारे देश के इतिहास की झलक देखने को मिलती है। केंद्र सरकार देश में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए हमेशा तत्पर रहती है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 7 अगस्त 2015 को इस दिवस को मनाने का ऐलान किया था, ताकि देश में हथकरघा उत्पादों और इसके जरिए रोजी-रोटी चलाने वाले लोगों को प्रोत्साहित किया जाए। देश में हथकरघा को और बढ़ावा देने की जरूरत है।

**मीना शर्मा, रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# राष्ट्रीय स्तर के वॉलीबॉल खिलाड़ी हैप्पी मिश्रा को किया गया सम्मानित



**बासुकीनाथः** खेलो झारखंड प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर दुमका जिला का नाम रोशन करने वाले हैप्पी मिश्रा को जरमुंडी के शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने सम्मानित किया। जरमुंडी के आईटीआई मैदान में आयोजित दो दिवसीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2024 के समापन समारोह के मौके पर वॉलीबॉल के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हैप्पी मिश्रा को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जमालुद्दीन ने सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह प्रखंड एवं जिला के लिए यह गौरव का पल है , किसी भी खिलाड़ी का सपना होता है वह राज्य एवं देश के लिए खेले ,हैप्पी मिश्रा ने वॉलीबॉल में जरमुंडी प्रखंड के साथ जिला एवं राज्य स्तर पर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है ,पुनः अपने प्रदर्शन को दोहराते हुए खेलो झारखंड प्रतियोगिता के वॉलीबॉल मैच में प्लस टू हाई स्कूल जरमुंडी को विजय दिलाते हुए जिला स्तर के लिए जगह पक्का कराया। जरमुंडी प्रखंड के डुमरिया गांव के रहने वाले शांडिल्य मिश्रा के पुत्र हैप्पी मिश्रा लगातार वॉलीबॉल के खेल में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है हैप्पी ने कहा कि वॉलीबॉल के खेल में विश्व स्तर पर भारत का झंडा बुलंद करना उनका सपना है। प्लस टू हाई स्कूल जरमुंडी के खेल प्रशिक्षक रिशु आनंद ने कहा कि शुरूआत के दिनों से ही हैप्पी मिश्रा में खेल के प्रति पढ़ाई के साथ खेल के प्रति जबरदस्त लगाव रहा है जिसका परिणाम है कि हैप्पी मिश्रा दुमका के साथ राज्य का भी नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहा है।

खेलो झारखंड प्रतियोगिता के 100 मीटर दौड़ में डुमरथर विद्यालय की दीपा कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं बालक वर्ग में तालझारी विद्यालय के अंकित राव ने पहला स्थान प्राप्त किया, वही अंडर 17 वर्ग में हरिपुर के विकास ने प्रथम स्थान प्राप्त किया , हरिपुर विद्यालय के करीना कुमारी को प्रथम स्थान मिला तो रिले के दौड़ में डुमरथर विद्यालय की छात्राओं ने बाजी मारी तो बालक वर्ग में हरिपुर की टीम को सफलता प्राप्त हुई। अंडर 14 के खो खो के खेल में प्रखंड स्तर पर डुमरथर विद्यालय ने बालक एवं बालिका वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया साथ ही योगासन में बालक एवं बालिका वर्ग में डुमरथर स्कूल के रोहित हेंब्रम एवम ललिता मरांडी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वॉलीबॉल में अंडर 14 वर्ग में डुमरिया की टीम ने बालक वर्ग में तो बालिका वर्ग में बेलगुमा की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तो अंडर 19 में प्लस टू हाई स्कूल जरमुंडी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया , कबड्डी में तालझारी स्कूल के टीम को सफलता प्राप्त हुआ। खेलो झारखंड में एथलेटिक्स खो खो वॉलीबॉल फुटबॉल कबड्डी योगासन आदि के अंडर 14 अंदर 17 एवं 19 के खेलों का आयोजन हुआ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले टीम एवं खिलाड़ी अब जिला स्तर पर होने वाले प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

## जिला और मंडल स्तर पर कार्यक्रम प्रभारी व सह प्रभारी का चयन



**साहिबगंजः**भारतीय जनता पार्टी की बैठक जिला कार्यालय साहिबगंज में जिलाध्यक्ष उज्जवल मंडल की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम हर घर तिरंगा को लेकर विस्तार से चर्चा किया गया।बैठक में यह तय किया गया की भारतीय जनता पार्टी बूथ स्तर तक हर घर में राष्ट्रीय झंडा लगाएगी हर घर तिरंगा कार्यक्रम के बेहतर संचालन के लिए जिला और मंडल स्तर पर कार्यक्रम प्रभारी और सह प्रभारी का चयन किया गया।जिले स्तर पर कार्यक्रम संचालन के लिए सुनील कुमार सिंह को कार्यक्रम प्रभारी वही छोटू लाल शाह और रामानंद चौरसिया को सह प्रभारी बनाया गया।मंडल स्तर पर कार्यक्रम प्रभारी और सब प्रभारी इस प्रकार हैं।साहिबगंज नगर प्रभारी विक्रम दास सह प्रभारी गौतम पंडित साहिबगंज ग्रामीण प्रभारी आशुतोष यादव सह प्रभारी अनुराग राहुल,राजमहल नगर प्रभारी दीपक चंद्रवंशी,सह प्रभारी सूरत चौधरी,राजमहल ग्रामीण प्रभारी संजीव दे सह प्रभारी स्वाधीन मंडल,उधवा प्रभारी काजू मलिक सह प्रभारी ललन राय, तीन पहाड़ प्रभारी शंकर ठाकुर सह प्रभारी राजकुमार शाह,राधा नगर प्रभारी कमलेश मंडल सह प्रभारी उदय मंडल बरहरवा प्रभारी नीरज गुप्ता सह प्रभारी प्रदीप कुमार,पतना प्रभारी मदन हसदा सब प्रभारी रोहित रजक,बरहेट प्रभारी मनीष भारती सह प्रभारी हेमंत कुमार साह,कोटालपोखर प्रभारी जयदेव रजवाड़ सह प्रभारी राजकुमार साह,तालझारी प्रभारी बेटका सोरेन सह प्रभारी चंदन ठाकुर,भोगनाडी-प्रभारी मनोज दास सह प्रभारी दिगंबर शाह,बोरिया-प्रभारी शिव शंकर पंडित सह प्रभारी भूनेश्वर तुरी, मडरो-प्रभारी जितेंद्र पंडित सह प्रभारी पंकज ठाकुर को दायित्व दिया गया है। कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए मंडलों की बैठक भी तय कर दी गई है मंडलों की बैठक में बूथ तक पहुंचाने की योजना पर विचार किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष सुनील सिंह.चंद्रभान शर्मा,गौतम यादव चांदनी देवी गरिमा साह पंकज चौधरी,संजय मंडल,प्रताप राय,सागर मंडल, मनोज ठाकुर,अनिल मुर्मू,प्रणव सिंह सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल थे।

## दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक संपन्न

**दुमकाः** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के कॉन्फ्रेंस हॉल में कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में आयोजन समिति के सदस्यों एवं विभिन्न उपसमितियों के संयोजकों के साथ आगामी दीक्षांत समारोह की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न समितियों के संयोजकों के साथ व्यय के आवश्यक मदों पर चर्चा की गई। ज्ञात हो कि सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय का 8वां दीक्षांत समारोह 30 अगस्त 2024 को प्रस्तावित है और विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह की तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी गई हैं। बैठक में परीक्षा नियंत्रक डॉ. जय कुमार शाह ने बताया कि विभिन्न परीक्षाओं के टॉपरों की सूची कुछ दिन पहले ही विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर आपत्ति के लिए अपलोड कर दी गई थी, जिसकी अंतिम तिथि 6 अगस्त थी। कुछ आपत्तियां प्राप्त हुई हैं, जिन पर परीक्षा विभाग विचार कर रहा है। उन्होंने बताया कि टॉपरों की अंतिम सूची बहुत जल्द प्रकाशित कर दी जाएगी। बैठक में प्रॉक्टर डॉ. राजीव कुमार, सीसीडीसी डॉ. अब्दुस सत्तार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. जय कुमार साह, डॉ. सुजीत सोरेन, पीआरओ दीपक कुमार, डॉ. संजीव कुमार सिन्हा, डॉ संजय कुमार सिन्हा, डॉ अनिल कुमार वर्मा, डॉ सुशील टुडू, डॉ. संतोष कुमार शील, डॉ डीएन गोराई, डॉ टीपी सिंह, डॉ संजीव कुमार, डॉ नीलेश कुमार, डॉ राजेश कुमार यादव, श्वेता मरांडी, डॉ शम्स तबरेज खान, डॉ हसमत अली, डॉ पीपी सिंह, प्रोआरके एस चौधरी, अमिता कुमारी, डॉ सैमुअल किस कु, डॉ.शर्मिला सोरेन, डॉराजेश प्रसाद, डॉ. अजय शुक्ला, डॉ.आमिर हसन, सर रीना कुमारी, डॉ इंद्रनील मंडल, डॉ इंद्रजीत कुमार, डॉ बिनोद मुर्मू व अन्य उपस्थित थे।

## भाजपा युवा मोर्चा आईटी सेल के प्रदेश संयोजक बनाए गए पंकज घोष



**साहिबगंज/राजमहलः** झारखंड भाजपा युवा मोर्चा के नई टीम की घोषणा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निदेर्शानुसार बीते देर शाम को कर दिया। जिसमें राजमहल भाजपा के युवा नेता पंकज घोष को युवा मोर्चा के आईटी सेल का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है।श्री घोष के प्रदेश संयोजक बनने पर किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव,भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक ताला मरांडी,साहिबगंज भाजपा के जिला अध्यक्ष उज्जवल मंडल, चंदन श्रीवास्तव,मनोज घोष, सुनील सिंह,गौतम यादव, अनमोल आनंद,सूरज घोष, प्रशांत शेखर,सत्य प्रकाश सिंह, कृष्णा शर्मा,अशोक यादव,संदीप घोष,राहुल भगत,रूपेश्वर सरकार अमन ठाकुर,अभी यादव, अनिमेष स्वर्णकार,पवन साहा सहित सैकड़ो लोगों ने सोशल मीडिया एवं दूरभाष के माध्यम से बधाई दिया। श्री घोष ने बातचीत के क्रम में बताया कि हम जैसे साधारण कार्यकर्ता को पार्टी ने प्रदेश पदाधिकारी बनाकर जो सम्मान दिया है ऐसा सिर्फ भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है इसके लिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश महामंत्री संगठन कर्मवीर सिंह,युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव,साहिबगंज भाजपा के जिला अध्यक्ष उज्जवल मंडल का आभार प्रकट किया।

## दो युवक गिरफ्तार, भेजे गये जेल

**साहिबगंजः** जिरवाबाडी थाना क्षेत्र के सोतीचौकी खुटहरी निवासी सुबल चौधरी पुत्र मिथुन चौधरी, सपन चौधरी को जिरवाबाडी पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। थाना प्रभारी अनीश पांडेय ने बताया कि तीनों के विरुद्ध थाना में मामला दर्ज था और यह लोग फरार चल रहे थे।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के वादा खिलाफी के खिलाफ पारा शिक्षक ने दिया पद से इस्तीफा, लड़ेंगे चुनाव



**साहिबगंजः** 2019 विधानसभा चुनाव के समय वर्तमान महागठबंधन सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा पारा शिक्षकों से यह वादा किया गया था। कि सरकार बनने के 3 महीने के भीतर झारखंड के पारा शिक्षकों को वेतनमान,समान काम समान वेतन का तोहफा दिया जाएगा।किंतु विगत 5 अगस्त को शिक्षा मंत्री बैजनाथ धाम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पारा शिक्षकों को ना ही वेतनमान मिला,ना ही समान काम का समान वेतन नहीं।.इतना ही नहीं 14 दिसंबर 2021 के समझौता के अनुरूप भविष्य निधि नियमावली में अंकित प्रावधान के तहत अनुकंपा का लाभ आज तक नहीं मिल सका है।प्रत्येक दिन कई सहायक अध्यापकों की मृत्यु हो रही है। किंतु 20 वर्षों के काम करने के बाद भी कफन का पैसा पारा शिक्षकों को मरने के बाद कफन का पैसा भी नहीं दिया जा रहा है। सेवानिवृत्ति के बाद पारा शिक्षक खाली हाथ जाने को विवश हैं। जिससे झारखंड के पारा शिक्षकों में काफी आक्रोश है।इसी के विरोध स्वरूप साहिबगंज जिला के राजमहल प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय शोभापुर के पारा शिक्षक मोतीलाल सरकार ने जिला शिक्षा अधीक्षक सह अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी साहिबगंज हर्ष कुमार को अपना इस्तीफा दे दिया।उन्होंने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि पारा शिक्षकों के साथ सभी राजनीतिक दलों के द्वारा भेदभाव किया गया है।जो वर्तमान सरकार के द्वारा भी जारी है।मोती लाल सरकार ने कहा कि राजमहल विधानसभा से चुनाव लड़कर सत्ता धारी दल एवं विपक्ष के विधायकों को आईना दिखाते हुए मैं पारा शिक्षकों की आवाज विधानसभा में उठाकर शिक्षकों को वेतनमान एवं सभी सुविधाएं देने का काम करूंगा।

# डीआरएम ने बरहरवा रेलवे स्टेशन का किया औचक निरीक्षण,दिये आवश्यक दिशा निर्देश



**साहिबगंज/बरहरवाः** बरहरवा रेलवे स्टेशन परिसर का बुधवार को मलदा डिविजन के डिवीजनल रेलवे मैनेजर मनीष कुमार गुप्ता ने औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान संरक्षित एवं सुरक्षित ट्रेन संचालन के लिए रेलवे ट्रैक, प्वाइंट और क्रोसिंग,सिग्नलिंग सिस्टम और सुरक्षा उपायों की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया।इस दौरान उन्होंने कुछ खामियां भी पाई और उपस्थित रेलवे अधिकारियों को फटकार लगाते हुए अपनी जिम्मेवारियों को समझने का पाठ पढ़ाया।साथ ही सभी कर्मियों को पोइंट की सही मापी करवाया।आगे निर्देश दिया कि कहीं बड़ी हादसा न हो जाए इसके लिए इनकी देखरेख जरुरी है।कोई भी कर्मी लापरवाही ना बरतें,अपनी जिम्मेदारी समझ कर काम करें। आपकी एक गलती से सैकड़ों व हजारों लोगों की जान जा सकती है। साथ ही साफ-सफाई का भी ध्यान रखें।इस दौरान डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता ने बताया कि बुनियादी पहलुओं को एक्सपेक्ट करने के लिए आज का दौरा हुआ।सिग्नल,केबिन सिस्टम का निरीक्षण किया गया।कर्मचारी व सुपारवाइजर की कार्यशैली को देखा। कर्मचारी व सुपारवाइजर को अपनी काम के प्रति सक्रिय किया एवं अधिक जानकारी साझा किया। आगे बताया कि स्टेशन में यात्री को जितनी सुविधाएं जरूरी है उन सभी व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने की दिशा में पहल की जा रहीं हैं।मीडिया दौरा पार्किंग एवं शौचालय को लेकर पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इन दिशा में विधिवत प्रकिया जारी है अगर पार्किंग को लेकर कोई ऑफर आती है तो उसको निश्चित रूप से संज्ञान में लिया जाएगा,पार्किंग एरिया में शौचालय को लेकर जायजा लेकर उस विषय पर यात्रियों के लिए सुविधाजनक कदम उठाए जाने की बात कहीं। मौके पर स्टेशन प्रबंधक ओम प्रकाश गुप्ता,आरसी एफ पुलिस इंस्पेक्टर संजीव कुमार एवं टेक्निकल टीम सहित अन्य लोग अधिकारी मौजूद थे।

### न्यूज ब्रीफ



## ग्रिजली विद्यालय के छात्र कौशल मंडल का राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में चयन, झारखंड टीम का करेंगे प्रतिनिधित्व

**कोडरमाः** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय के कक्षा पांचवी के छात्र कौशल मंडल का चयन 38वे क्योरुगी एवं 12वे पूमसाए राष्ट्रीय सब जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिया हुआ है। उक्त प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश के आगरा स्थित हॉली पब्लिक स्कूल में 8 से 10 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। कौशल का चयन झारखंड राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के बदौलत झारखंड की टीम में हुआ है । कौशल के चयन पर ग्रिजली विद्यालय के निदेशक मनीष कपसीमे, अविनाश सेठ, सीईओ प्रकाश गुप्ता, सीओओ तनिष्क सेठ, प्राचार्या अंजना कुमारी, प्रशासक अशरफ खान, संयोजक विजय कुमार सिंह, जितेन्द्र कुमार चौधरी, बी डी नस्कर, अनुराग सिंह, तुषार रॉय चौधरी, प्रीति जगनानी, स्टूडेंट सर्विस सेल के संयोजक सुधांशु कुमार, स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर अमित दास, सीसीए संयोजक अभिजीत आनंद, ताइक्वांडो प्रशिक्षक दिलीप कुमार सहित पूरे विद्यालय परिवार ने कौशल को आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है ।

## अज्ञात अपराधी गिरफ्तार

**साहिबगंजः** मुफस्सिल थाना पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के जरिए एक व्यक्ति को नगर थाना क्षेत्र के कलिंगा होटल के पास से अपने हिरासत में लिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार किसी अज्ञात अपराधी की तलाश में बिहार की पुलिस की एक टीम साहिबगंज पहुंचे ।जहां मोबाइल लोकेशन नगर थाना क्षेत्र के कलिंगा होटल स्थित हीरो होंडा शोरूम के अंदर मिली। लोकेशन के आधार पर बिहार पुलिस की टीम मुफस्सिल थाना प्रभारी शशी सिंह के सहयोग से हीरो होंडा शोरूम के अंदर पहुंची और एक अज्ञात अपराधी को पकड़ कर अपने हिरासत में ले लिया और अपने साथ लेकर चली गई।आसपास के कुछ लोगों ने बताया कि कौन पुलिस कहां की पुलिस आई और इतनी तीव्र कार्रवाई की की किसी को घटना के बारे में समझ में ही नहीं आया। लेकिन इस घटना की आधिकारिक पुष्टि करें।

## उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक को सौंपा मांग पत्र



**साहिबगंजः** पतना अंचल के गदाई भीठा मौजा में अवैध पत्थर खदान एवं उत्खनन कार्य के दौरान लालचंद घोष मजदूर का मृत्यु हो जाने को लेकर झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने साहिबगंज उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक को मांग पत्र सौप वैध या अवैध उत्खनन जांच करने की मांग की है।वही राजकुमार यादव का कहना है कि बरहेट निवासी रांगा थाना के अंतर्गत गदाई भीठा मौजा मे सुब्रत पाल के पत्थर खदान में कार्य के दौरान विगत दिनों पोकलेन पलट जाने से दुर्घटना से मृत्यु हो गई है।क्या घटना स्थल का माइंस लीगल माइंस है या अवैध माइंस।क्या ब्लास्टिंग लाइसेंस है।उन्होंने कहा कि श्रमिक का कार्य स्थल जंहा घटना हुई है उस मौजा का दाग नं० क्या है।कंपनी में कितने वर्षों से लालचंद घोष कार्य करते थे,कौन से पद पर थे, क्या इ- रजिस्टर में नाम दर्ज है जो जाँच का विषय है।मजदूर हित में संचालक पर जाँचोपरांत कानूनी कार्यवाही की जाए।मौके पर निखिल यादव,कन्हाई यादव,फूल कुमारी यादव एवं अन्य लोग मौजूद थे।

## बकरी चोरी के आरोप में जमकर पीटाई


**साहिबगंजः** जिरवाबाडी क्षेत्र के स्टेडियम रोड संध्या कॉलेज के समीप एक युवक को बकरी चोरी के आरोप में कुछ स्थानीय लोगों ने जमकर पिटाई कर दी और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। कुछ स्थानीय लोगों ने बताया कि हमारे क्षेत्र से लगातार बकरी चोरी की घटना घटित हो रही थी दोपहर के वक्त बकरी चोरी करते एक युवक पकड़ा गया। जिसे स्थानीय लोगों ने पड़कर पूछताछ किया और इसके बाद जिरवाबाडी थाना पुलिस के हवाले कर दिया । इधर पुलिस उक्त युवक को अपने हिरासत में ले कर थाना ले गई । इधर थाना प्रभारी अनीश पांडेय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## सभी बहनों तक पहुंचे मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना का लाभः बरकत

**साहिबगंज/बरहरवाः** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सम्मानित अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निदेर्शानुसार एक मुलाकात अपनों के साथ कार्यक्रम के तहत दिनांक बुधवार को मिजार्पुर पंचायत में मंडल अध्यक्ष,पंचायत अध्यक्ष, वार्ड सदस्य,के साथ सभी वरिष्ठ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी से मुलाकात कर झारखंड मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना का लाभ निचले स्तर तक सभी बहनों को मिले इसके लिए विस्तृत रूप से चर्चा की गयी एवं सभी पंचायत अध्यक्ष,मंडल अध्यक्ष,एवं वार्ड सदस्यों को दिशा निर्देश दिया गया कि पंचायत भवन में लगे कैंप में जाकर झारखंड मुख्यमंत्री मैया समान योजना का आवेदन भरकर बहनों को लाभ पहुंचाने का काम करें ताकि प्रखंड के सभी बहनें इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ ले सके। मौके पर मौके पर प्रदेश डेलीगेट मोहम्मद नसीरुद्दीन, शमशेर अली, मोताजुल शेख, नजमुल शेख, कमाल,करीम,फिरोज, बारेक,अरमान, हारून रशीद,अरमान, खैरूल शेख, मुनताज शेख,समीम,राजा मुखिया सहित सैकड़ों ग्रामीण तथा कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## विनेश फोगाट ने कुश्ती से लिया संन्यास, कहा-

# पेरिस ओलंपिक के बाद मुझमे कोई ताकत नहीं बची



**नई दिल्ली:** भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक में कठिन अनुभव के बाद कुश्ती से संन्यास की घोषणा की है, जहां फाइनल में पहुंचने के बाद उन्हें टूर्नामेंट से अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

विनेश दूसरे वेट-इन (फाइनल के दिन) के दौरान वजन मापने में विफल रहीं और उन्हें टूर्नामेंट से अयोग्य घोषित कर दिया गया, जिससे उनका पक्का पदक भी छिन गया।

29 वर्षीय विनेश कुश्ती में ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बन गई थीं। भारत के लिए ओलंपिक पदक जीतने वाली एकमात्र अन्य महिला पहलवान साक्षी मलिक ने रियो 2016 में कांस्य पदक जीता था।

गुरुवार की सुबह तड़के सोशल मीडिया पर विनेश ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखाः माँ कुश्ती, तुमने मुझे हरा दिया।

**विनेश और साक्षी ने महासंघ के भीतर सत्ता के दुरुपयोग की अन्य गंभीर शिकायतों के अलावा यौन उत्पीड़न और मानसिक शोषण के आरोप लगाए और जंतर-मंतर पर सड़कों पर कई सप्ताह तक विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शनों ने भारतीय कुश्ती महासंघ पर ध्यान केंद्रित करने में मदद की, जिसे निष्पक्ष संचालन प्रथाओं के लागू होने तक निलंबित कर दिया गया था।**

मुझे माफ कर दो। मेरे सपने टूट गए हैं। मेरी हिम्मत टूट गई है। अब मुझमें और ताकत नहीं है। अलविदा कुश्ती। मैं हमेशा तुम्हारा ऋणी रहूँगा। माफ करना।

दो बार की ओलंपियन विनेश के नाम तीन कॉमनवेल्थ गेम्स गोल्ड, दो विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक और एक एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक है। उन्हें 2021 में एशियाई चैंपियन का ताज भी पहनाया गया था।

विनेश प्रतिष्ठित फोगट कुश्ती परिवार से हैं। उनकी चचेरी बहनें गीता, संगीता और बबीता भी पहलवान हैं। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बजरंग पुनिया ने उनकी चचेरी बहन संगीता से शादी की है।

पिछले अठारह महीने इस अनुभवी पहलवान के लिए विशेष रूप से कठिन रहे। 2023 के अधिकांश भाग के लिए, विनेश ने साक्षी और बजरंग के साथ मिलकर भारतीय कुश्ती महासंघ के तत्कालीन प्रशासकों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया, जिसका नेतृत्व उस समय के दीर्घकालिक अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह कर रहे थे। विनेश और साक्षी ने महासंघ के भीतर सत्ता के दुरुपयोग की अन्य गंभीर शिकायतों के अलावा यौन उत्पीड़न और मानसिक शोषण के आरोप लगाए और जंतर-मंतर पर सड़कों पर कई सप्ताह तक विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शनों ने भारतीय कुश्ती महासंघ पर ध्यान केंद्रित करने में मदद की, जिसे निष्पक्ष संचालन प्रथाओं के लागू होने तक निलंबित कर दिया गया था। यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने फरवरी 2024 में डब्ल्यूएफआई के अनंतिम निलंबन को हटा दिया, लेकिन महासंघ को यह गारंटी देने की आवश्यकता थी कि बजरंग, साक्षी या विनेश के खिलाफ कोई भेदभावपूर्ण कार्रवाई नहीं की जाएगी। विनेश के लिए चीजें सकारात्मक हो गईं क्योंकि उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर 55 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जो लगभग 16 महीनों के बाद प्रतिस्पर्धी कुश्ती में उनकी वापसी थी। विनेश ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में फाइनल में पहुंचकर महिलाओं की 50 किग्रा श्रेणी में अपना पेरिस ओलंपिक कोटा सुरक्षित कर लिया था। उन्होंने सेमीफाइनल में लौरा गनीकीजी को हराया। डब्ल्यूएफआई ने कहा कि वे ओलंपिक ट्रायल आयोजित नहीं करेंगे और कोटा जीतने वाले पहलवान पेरिस में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

## मल्लिका शेरावत ने वीडियो में अमेरिका के आलीशान बंगले की दिखाई झलक






**फिल्म 'मर्डर'** फेम एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत कई सालों से लॉस एंजिल्स में रह रही हैं। वह हाल ही में पेरिस में छुट्टियां बिताने के बाद लॉस एंजेलिस लौटी हैं। उनके शेयर किए गए हालिया वीडियो में लॉस एंजेलिस स्थित उनके आलीशान बंगले की झलक देखी जा सकती है। उनका ये वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

मल्लिका शेरावत के वीडियो में मल्लिका अपने घर से बाहर आती दिखती हैं और अपने पालतू कुत्ते के साथ बैठी हैं। इसमें उन्होंने आसमानी रंग का गाउन पहना है, जिसमें वह खूबसूरत लग रही हैं। मल्लिका के पास लॉस एंजिल्स में दो मंजिला बंगला है। घर के सामने भी बड़ी जगह है। उन्होंने कैप्शन में लिखा कि घर लौटने के बाद मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। लॉस एंजिल्स को बहुत मिस किया। वर्ष 2003 में फिल्म 'ख्वाहिश' से मल्लिका शेरावत बॉलीवुड में डेब्यू किया। इसके बाद उन्होंने 'मर्डर', 'डरना जहरू है', 'वेलकम', 'प्यार के साइड इफेक्ट्स' फिल्मों में काम किया। इसके अलावा उन्होंने कुछ हॉलीवुड फिल्में भी कीं। उन्हें आखिरी बार वर्ष 2021 में फिल्म आरकेए में देखा गया था।

## पेरिस ओलंपिक : चौथे स्थान पर आने के बाद मीराबाई चानू ने कहा-

# मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया लेकिन पदक से चूक गई



**पेरिसः** पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 49 किलोग्राम भारोत्तोलन स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहने के बाद, भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने निराशा व्यक्त करते हुए भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए कड़ी मेहनत करने की कसम खाई। चानू पदक जीतने से चूक गईं, उन्होंने कुल 199 किग्रा के साथ चौथा स्थान हासिल किया।

उन्होंने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में अपनी भावनाओं को साझा करते हुए कहा, मैंने देश के लिए पदक जीतने की पूरी कोशिश की, लेकिन आज मैं चूक गई...यह खेल का एक हिस्सा है, हम सभी कभी जीतते हैं और कभी हारते हैं...अगली बार मैं देश के लिए पदक जीतने के लिए कड़ी मेहनत करूंगी...मैं अपनी पूरी कोशिश करूंगी और अगले गेम में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगी।


भारत और चानू के लिए, पेरिस में यह एक और चौथा स्थान था, जब वे कुल 199 किग्रा के साथ पदक जीतने से चूक गए।

पहला स्नैच इवेंट था, जिसमें भारोत्तोलक को बारबेल उठाकर एक ही बार में अपने सिर के ऊपर उठाना होता है।

दूसरा क्लीन-एंड-जर्क इवेंट था, जिसमें भारोत्तोलक को बारबेल उठाकर अपनी छाती तक लाना होता है (क्लीन) और फिर अपनी बाहों और पैरों को फैलाकर सीधी कोहनी से उसे सिर के ऊपर उठाना होता है (जर्क)। भारोत्तोलकों को तब तक इसे वहीं पर रखना होता है जब तक बजर बज न जाए।

चीन की होउ झिहुई ने कुल 206 किग्रा के साथ स्वर्ण पदक जीता, रोमानिया की मिहेला वैलेंटिना कैम्बेई ने 205 किग्रा के साथ रजत पदक जीता और थाईलैंड की सुरोदचाना खंबाओ ने 200 किग्रा के साथ कांस्य पदक जीता। भारत ने अब तक पेरिस ओलंपिक में तीन कांस्य पदक जीते हैं और सभी निशानेबाजी में आए हैं।

## पेरिस ओलंपिक में महिला पहलवान अंतिम पंघाल का सफर समाप्त



**पेरिसः** भारतीय महिला पहलवान अंतिम पंघाल का पेरिस ओलंपिक 2024 में सफर समाप्त हो गया है। पंघाल पेरिस ओलंपिक में अपना पहला ही मैच हार गईं। अंतिम पंघाल को महिला कुश्ती के 53 किग्रा वर्ग के राउंड ऑफ 16 में तुर्की की पहलवान जेनिप येतगिल से 10-0 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय रेसलर इस मुकाबले में कभी भी तुर्की की खिलाड़ी पर दबाव नहीं बना सकीं। जेनिप येतगिल ने पूरे मैच में दबाव बनाए रखा और 10-0 की बढ़त लेकर तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर मैच जीत लिया।

उधर, तुर्की पहलवान जेनिप येतगिल क्वार्टर फाइनल में जर्मनी की अनिका वेंडल से हार गईं। इसके परिणामस्वरूप, अंतिम पंघाल रेपेचेज राउंड में हिस्सा नहीं लेने की उम्मीदें भी खत्म हो गईं और उनका पेरिस 2024 अभियान समाप्त हो गया।





## अनन्या पांडे को फिर हुआ प्यार, इस बार एक विदेशी के साथ जुड़ा नाम

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस अनन्या पांडे पिछले कुछ समय से अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। आदित्य रॉय कपूर से ब्रेकअप के बाद अनन्या का नाम भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पंड्या के साथ भी जुड़ा। अब ये बात सामने आई है कि अनन्या किसी और को डेट कर रही हैं। अनन्या का नाम एक विदेशी के साथ जोड़ा जा रहा है। हर कोई सोच रहा है कि आखिर ये शख्स कौन है।

अनन्या पिछले कुछ दिनों से कठिन दौर से गुजर रही हैं। आदित्य से उनका ब्रेकअप हर किसी के लिए चौंकाने वाला था। इसके बाद अनन्या ने खुद को समय दिया। अब अनन्या ने अपनी जिंदगी में अतीत को भूलकर आगे बढ़ने का फैसला लिया है। चर्चा है कि अनन्या पूर्व मॉडल वॉकर ब्लैंको को डेट कर रही हैं। हालांकि, इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

अंबानी के घर शादी में थे दोनों एक साथः अंबानी परिवार के हालिया विवाह समारोह में अनन्या ने वॉकर को सभी से मिलवाया। वॉकर को अंबानी के घर की शादी में आमंत्रित किया गया था। इस शादी समारोह में दोनों एक साथ थे। कई लोगों ने उन्हें एक साथ घूमते हुए देखा। दोनों ने साथ में डांस भी किया। अनन्या और वॉकर की मुलाकात अंबानी परिवार के एक प्री-वेडिंग फंक्शन में हुई थी, जिसकी कुछ तस्वीरें भी वायरल हो रही हैं। हाल ही में अनन्या की एक फोटो भी वायरल हुई है। उन्हें मुंबई में स्पॉट किया गया और उन्होंने 'ऐ डब्ल्यू' का पेंडेंट पहना हुआ था। अब इन तस्वीरों को देखकर हर कोई सोच रहा था कि 'ऐ डब्लू'क्या है। 'ऐ' अनन्या है, लेकिन डब्ल्यू के बारे में क्या? फिलहाल अनन्या और वॉकर की डेट्स पर चर्चा हो रही है। इसलिए प्रशंसक पेंडेंट को वॉकर से जोड़ रहे हैं।

## परवीन बॉबी का किरदार निभाएंगी तृप्ति डिमरी

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी सिल्वर स्क्रीन पर परवीन बॉबी का किरदार निभाती नजर आ सकती हैं। तृप्ति डिमरी फिल्म एनिमल के बाद बैड न्यूज में नजर आई हैं। चर्चा है कि तृप्ति डिमरी परवीन बॉबी की बायोपिक में नजर आ सकती हैं। परवीन बॉबी की बायोपिक को लेकर भी लंबे वक्त से चर्चा है। यह फिल्म लेखिका करिश्मा उपाध्याय द्वारा लिखित उनकी जीवनी परवीन बाबीः ए लाइफ पर आधारित होगी। फिल्म में तृप्ति परवीन बॉबी की भूमिका निभाती नजर आ सकती हैं। पहले इस किरदार को अदा करने को लेकर उर्वशी रौतेला का नाम सामने आ रहा था, लेकिन अब तृप्ति के नाम की चर्चा है।

# श्रीलंका ने तीसरे वनडे में भारत को 110 रनों से हराया, 2-0 से जीती श्रृंखला



**कोलंबोः** श्रीलंका ने तीसरे और आखिरी एकदिवसीय मैच में भारत को 110 रनों के विशान अंतर से हराया है। इस जीत के साथ ही श्रीलंका ने एकदिवसीय श्रृंखला 2-0 से अपने नाम कर ली। करीब 27 साल बाद श्रीलंका ने भारत को एकदिवसीय श्रृंखला में हराया है। इससे पहले वर्ष 1997 में अर्जुन रणतुंगा की कप्तानी वाली टीम ने भारत को 3-0 से मात दी थी। श्रीलंका की ओर से मिले 249 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम पूरी तरह बिखर गई। पूरा बल्लेबाजी क्रम श्रीलंकाई गेंदबाजों के आगे 26.1 ओवर में ही निपट गया। भारत के लिए सबसे ज्यादा रन कप्तान रोहित शर्मा ने बनाए। रोहित ने 35 रन बनाए। उनके अलावा विराट कोहली ने 20 और वाशिंगटन सुंदर ने 30 रन का योगदान किया। वहीं श्रीलंका के लिए दुनिश वेल्लालागे ने पांच विकेट चटकाए, जबकि जेफरी वांडरसे और महीश तीक्ष्णा को दो-दो सफलताएं मिलीं। एक विकेट असिथा फरनांडो के नाम रहा।

इससे पहले, टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ने 50 ओवर में सात विकेट पर 248 रन बनाए थे। श्रीलंका के लिए अविष्का फर्नांडो ने 102 गेंदों पर नौ चौकों और दो छक्कों की मदद से 96 रन बनाए थे, जबकि कुसल मेंडिस ने 59 रनों की पारी खेली। ओपनर पथुम निशंका ने 45 रन बनाए। भारत के लिए रियान पराग सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 54 रन खर्च कर तीन विकेट अपने नाम किए। वहीं मोहम्मद सिराज, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और वाशिंगटन सुंदर को एक-एक सफलता मिली।

## सनी देओल की 'बॉर्डर-2' से बाहर हुए आयुष्मान खुराना





**फिल्म** 'बॉर्डर' 1997 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही थी। इसके बाद सनी देयोल ने इस साल 'बॉर्डर-2' की घोषणा की थी। अनुराग सिंह की निर्देशित 'बॉर्डर' के सीक्वल में आयुष्मान खुराना के अहम किरदार में नजर आने की उम्मीद थी। हालांकि, अब कहा जा रहा है कि एक्टर ने इस फिल्म को करने से इनकार कर दिया है। इसके पीछे की वजह भी सामने आ गई है।


रिपोर्ट के मुताबिक एक सूत्र ने बताया कि महीनों की चर्चा के बाद आयुष्मान ने 'बॉर्डर-2' छोड़ दी है क्योंकि वह फिल्म में सनी देओल की भूमिका को लेकर असमंजस में थे। सूत्रों ने बताया, 'टीम लंबे समय से एक सैनिक की भूमिका निभाने के लिए आयुष्मान से चर्चा कर रही थी। निमार्ता और आयुष्मान खुराना दोनों सहयोग करने को तैयार थे, लेकिन वह सनी देओल जैसे बड़े स्टार के सामने अपने किरदार को लेकर असमंजस में थे। ऐसा लगता है कि आयुष्मान का किरदार शायद उतना महत्वपूर्ण नहीं है जितना फिल्म में सनी देओल को दिखाया गया है। इसी वजह से संभवता उन्होंने इसे छोड़ने का फैसला किया। लेकिन अभी तक इस खबर की पुष्टि एक्टर की ओर से नहीं की गई है।

'बॉर्डर-2' में हो सकती हैं दिलजीत दोसांझ की एंट्रीः हाल ही में अफवाहें थीं कि इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ भी अहम भूमिका में नजर आएंगे, लेकिन सूत्रों का कहना है कि अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि निमार्ताओं ने अभिनेता से संपर्क किया है, लेकिन अभी तक कुछ भी पुष्टि नहीं हुई है। उम्मीद है कि फिल्म नवंबर तक फ्लोर पर आ जाएगी। फिल्म के 27 साल पूरे होने पर सनी देओल ने सीक्वल से फैंस को चौंका दिया। बिनॉय गांधी 'बॉर्डर-2' की स्टार कास्ट के साथ फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि 'बॉर्डर-2' बहुत अच्छे से बन रही है। इसकी स्क्रिप्ट उनकी पत्नी निधि गट्टा ने लिखी है। उन्होंने बताया कि नवंबर महीने में शूटिंग शुरू हो जाएगी, लेकिन उससे पहले एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जहां सभी को पूरी स्टार कास्ट से मिलवाया जाएगा। उन्होंने कहा, ₹एक महीने के भीतर हम पूरी स्टार कास्ट को उनके किरदारों और उनके गेटअप के साथ प्रदर्शित करेंगे।

# रिजर्व बैंक ने लगातार नौवीं बार रेपो रेट 6.5% पर रखा स्थिर, 18 महीने से ब्याज दरों में बदलाव नही

**नई दिल्ली:** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने तीन दिन की बैठक के बाद रेपो रेट को मौजूदा दर 6.5% पर बरकरार रखने का फैसला किया है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मौद्रिक नीति समिति ने 6, 7 और 8 अगस्त को हुई बैठक के में 4:2 के बहुमत से नीतिगत ब्याज दरों यानी रेपो रेट को 6.5% पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया। रेपो रेट में फरवरी 2023 से कोई बदलाव नहीं किया गया है।

एमपीसी ने लगातार नौवीं बैंठक में रेपो रेट को 6.5% पर स्थिर रखने का फैसला किया है। एमपीसी के फैसलों के एलान के बाद अब एक बात साफ हो गई कि आम आदमी को ऋणों की ईएमआई पर फिलहाल कोई राहत नहीं मिलने वाली है।



एमपीसी के फैसलों की जानकारी देनते हुए आरबीआई गवर्नर ने कहा कि वैश्विक स्तर पर अस्थिरता दिख रही है। हालांकि दुनियाभर में महंगाई में कमी आ रही है। सेंट्रल बैंक अर्थव्यवस्था की स्थिति के आधार पर ब्याज दरों पर फैसला ले रहे हैं। घरेलू अर्थव्यवस्था में मजबूती कायम है। सर्विस सेक्टर का प्रदर्शन काफी बेहतर हुआ है। सेवा क्षेत्र और निर्माण क्षेत्र में मजबूती जारी है। आरबीआई गवर्नर ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में जीडीपी 7.2% बरकरार रहने का अनुमान है।

मौद्रिक नीति समिति की पिछली बैठक जो जून में हुई थी में भी एमपीसी के छह में से चार सदस्यों ने रेपो दर को अपरिवर्तित रखने के पक्ष में मतदान किया था। जयंत वर्मा और आशिमा गोयल ने नीतिगत रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती और रुख में बदलाव के लिए मतदान किया था।

**महंगाई पर क्या बोले आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास? :** आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि महंगाई को लेकर केंद्रीय बैंक सतर्क है। उम्मीद है कि मुद्रास्फीति कम होगी। उन्होंने कहा कि महंगाई दर 4 फीसदी पर लाने की आरबीआई की कोशिश जारी है। दास ने कहा कि खाद्य महंगाई दर अब भी चिंताजनक स्थिति में है। मौद्रिक नीति समिति ने वित्तीय वर्ष (ऋ25) के लिए महंगाई पर अपने पूवार्नुमान को 4.5 प्रतिशत पर स्थिर रखने का फैसला किया है। एमपीसी की बैठक में खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों पर भी सावधानी बरतने की बात कही गई।

केंद्रीय बैंक का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी, तीसरी और चौथी तिमाही में मुद्रास्फीति क्रमशः 4.4 प्रतिशत, 4.7 प्रतिशत और 4.3 प्रतिशत रहेगी। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि विकास दर में तेजी बरकरार रहेगी। गवर्नर ने कहा कि साउथ वेस्ट मानूसन अब तक बेहतर है। खरीफ की बुवाई भी अच्छी है। दास ने कहा, 'हम बाजार की उम्मीदों और आरबीआई की नीतियों के बीच अच्छी मात्रा में तालमेल देख रहे हैं।'

## ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत एशिया में भी मिला-जुला कारोबार



**नई दिल्ली:** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल कमजोरी के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा, जिसकी वजह से यहां के तीनों प्रमुख सूचकांक मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। एशियाई बाजारों में भी आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है।

अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसकी वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.77 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 5,199.50 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 171.05 अंक यानी 1.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,195.81 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल 0.08 प्रतिशत टूट कर 38,732.72 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा, जिसकी वजह से यहां के तीनों प्रमुख सूचकांक जोरदार मजबूती के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 140.19 अंक यानी 1.72 प्रतिशत उछल कर 8,166.88 के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 135.97 अंक यानी 1.87 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,266.01 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 260.83 अंक यानी 1.48 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,615.15 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 5 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 4 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। निक्केई इंडेक्स 164.69 अंक यानी 0.47 प्रतिशत टूट कर 34,924.93 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स 0.48 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 2,556.26 अंक के स्तर तक लुढ़क गया है। ताइवान वेटेड इंडेक्स में आज बड़ी गिरावट आई है। फिलहाल ये सूचकांक 235.28 अंक यानी 1.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,060 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। इसके अलावा जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.32 प्रतिशत लुढ़क कर 7,189.33 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 105.50 अंक यानी 0.44 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,245.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.21 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,256.66 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। हैंग सेंग इंडेक्स फिलहाल 131.47 अंक यानी 0.77 प्रतिशत की मजबूती के साथ 17,009.33 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। इसी तरह सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.31 प्रतिशत उछल कर 1,294 55 अंक तक पहुंच गया है। इसके अलावा शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.37 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,880.61 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## बांग्लादेश से लगी सीमा से भारत में घुस सकते हैं आतंकी, बीएसएफ अलर्ट




**नई दिल्ली:** बांग्लादेश में अराजकता फैली हुई है। भारत के पड़ोसी देश में जारी हिंसा के बीच अवामी लीग और इसकी सहयोगी पार्टियों से जुड़े कम-से-कम 29 नेताओं और उनके परिवार के सदस्यों के शव बरामद किये गये हैं । इस खबर के बाद चिंता बढ़ गई है । इस बीच खबर है कि राजनीतिक उथल-पुथल का फायदा आतंकी उठाने के फिराक में हैं । खुफिया सूत्रों के मुताबिक बांग्लादेश के रेडिकल ग्रुप भीड़ का सहारा लेकर भारत में घुसपैठ कर सकते हैं । खुफिया रिपोर्ट मिलने के बाद बीएसएफ हाई अलर्ट पर है ।

इससे पहले बुधवार का बीएसएफ की ओर से एक बयान जारी किया गया था । बयान में कहा कि करीब 120-140 बांग्लादेशी नागरिकों के एक ग्रुप को सीमा के अंदर आने से रोका गया है । ये पश्चिम बंगाल में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर भारतीय सीमा में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे । सुरक्षाबल हाई अलर्ट पर हैं । बीएसएफ के बयान में बताया गया है कि बांग्लादेशी नागरिकों को 7 अगस्त की दोपहर के वक्त दो सेक्टरों में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास जमा होते देखा गया । ये लोग बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों के हमलों के डर से यहां पहुंचे थे । इधर,बांग्लादेश के गाजीपुर में काशिमपुर सेंट्रल जेल से 209 कैदी के फरार होने की खबर है। ढाका ट्रिब्यून की मानें तो, उन्होंने सुरक्षाकर्मियों को बंधक बना लिया था. इस बीच मुठभेड़ में 6 लोगों की मौत हो गयी । इनमें 3 आतंकवादी भी शामिल हैं ।

## प्रजातंत्र की शान, चाय विक्रेता पीएम और रिक्शा चालक भी सीएम बनता है: राज्यपाल

**मुंबई:** भारतीय लोकतंत्र को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ लोकतंत्र माना जाता है। राज्यपाल सीपी ने कहा कि एक सामान्य परिवार के व्यक्ति का संघर्ष के माध्यम से मुख्यमंत्री बनता है।उन्होंने आगे कहा कि यहां चाय विक्रेता पीएम और रिक्शा चालक अपनी सेवा से सीएम का पद भार ग्रहण करता है,यही भारतीय लोकतंत्र की सुंदरता है।

बुधवार की शाम 9 बजे ठाणे के गणेश गडकरी रंगायतन थिएटर, ठाणे में जीवनी पुस्तक योद्धा कर्मयोगी- एकनाथ संभाजी शिंदे प्रकाशन के समापन के अवसर पर महामहिम राज्यपाल राधाकृष्णन ने कहा कि इस. ग्रंथदिंडी के माध्यम से जीवनी पुस्तक ₹योद्धा कर्मयोगी.. एकनाथ संभाजी शिंदे के सामाजिक और राजनीतिक सफर को सार्वजनिक मंच पर लाया गया। और इस जीवनी पुस्तक का प्रकाशन राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा संपन्न किया गया।

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस, अजित दादा पवार, उपसभापति डॉ. नीलम गोरे उद्योग मंत्री उदय सामंत और ठाणे के पालक मंत्री , आदि मौजूद थे। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि मैं इसे अपना सौभाग्य मानता हूं कि मुझे छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमि पर काम करने का मौका मिला है. मैं इससे बहुत खुश हूं.' छत्रपति शिवाजी महाराज के बिना हमारी संस्कृति जीवित नहीं रह पाती। यह उनके महान कार्यों का ही परिणाम है कि आज महाराष्ट्र का नाम पूरे देश में सम्मान से लिया जाता है।



उन्होंने यह भी कहा कि कहा, किताबें कभी भी मुफ्त में लेकर नहीं पढ़नी चाहिए। यह मेरी व्यक्तिगत राय है कि यदि आप पुस्तकों को पुस्तक के मूल्य के साथ पढ़ते हैं, तो पुस्तक पढ़ते समय आपकी भावनाएँ जीवंत हो जाती हैं और आप उसका अर्थ समझ जाते हैं। मुख्यमंत्री शिंदे के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए महामहिम राज्यपाल ने कहा कि जीवन में सफल होने के लिए कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं है, उन्होंने आगे कहा कि कोरोना के दौरान एकनाथ शिंदे द्वारा किए गए कार्यों को महाराष्ट्र कभी नहीं भूल सकता। उस क्षेत्र के गढ़चिरौली जैसे जिले के संरक्षक मंत्री के रूप में उनका काम बहुत सराहनीय है।दिल से कुछ करना, दृढ़ इच्छाशक्ति रखना ही व्यक्ति समाज के लिए कुछ कर सकता है, जैसा कि एकनाथ शिंदे लगातार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे देश को विकास के पथ पर ले जा रहे हैं। और उन्हें मुख्यमंत्री के रूप में एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस और अजीत दादा पवार का अच्छा समर्थन प्राप्त है। इसमें कोई संदेह नहीं कि वर्ष 2047 में भारत एक महाशक्ति बन जायेगा। खास बात यह है कि जिस तरह से यह सरकार काम कर रही है, उससे महाराष्ट्र का विकास होगा और इसमें कोई संदेह नहीं है कि आने वाले समय में महाराष्ट्र दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि मैंने कोई इतना बड़ा काम नहीं किया है कि मुझ पर किताब लिखी जाए. सभी के सहयोग से मैं यहां तक आया हूं, , यह स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे और धर्मवीर आनंद दिघे की शिक्षा है। मैंने समाज को जो दिया उससे ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि मुझे क्या मिला। इसीलिए मैं इस रास्ते पर काम करने की कोशिश कर रहा हूं.' मैं कल भी एक कार्यकर्ता था, मैं आज भी एक कार्यकर्ता हूं, और मैं कल भी एक कार्यकर्ता रहूंगा। मेरा मानना है कि सीएम का मतलब कॉमन मैन है, ये बाला साहेब की शिक्षा है. मैं ईमानदारी से उन्हीं शिक्षाओं के आधार पर काम करने का प्रयास कर रहा हूं।सीएम शिंदे ने कहा कि मैं आज जो कुछ हूं वह स्वर्गीय आनंद दिघे की आशीर्वाद की वजह से हूं।

## ट्रैवल्स संचालक की पत्नी की हत्या करने वाला तीसरा आरोपी भी गिरफ्तार

**ग्वालियर/भोपाल:** ग्वालियर में बिजनेसमैन की पत्नी की हत्या करने वाले तीसरे आरोपित को भी गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिल गई है। आरोपित शॉर्ट एनकाउंटर में पकड़ा गया है। वह शंकरपुर की पहाड़ियों से शहर से भागने की फिराक में था। लेकिन गुरुवार तड़के 3 बजे पुलिस ने उसे घेर लिया। आरोपित ने पुलिस से बचने के लिए फायरिंग शुरू कर दी। लेकिन जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई, एक गोली उसके घुटने में लगी। जिसके बाद उसे पकड़ लिया गया। दरअसल, 29 जुलाई को ग्वालियर के माधौगंज के प्रीतमपुरा गुढ़ा में अनीता गुप्ता (55) बेटे जय के साथ डॉक्टर के पास चेकअप कराने गई थीं। शाम 4 बजे दोनों घर लौटे। दरवाजे पर पहुंचे ही थे कि मयंक उर्फ मंकू भदौरिया, आकाश जादौन और सौभम जादौन ने लूट के इरादे से अनीता को सीने में गोली मार दी और मौके से फरार हो गये। पुलिस ने आरोपितों पर 20-20 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। मुख्य आरोपित आकाश जादौन को पुलिस ने एक हफ्ते पहले शॉट एनकाउंटर में शीतला माता रेलवे क्रॉसिंग के पास पकड़ा था। आकाश के पास से 32 बोर की पिस्टल और बाइक बरामद हुई थी। उससे एक दिन पहले ही पुलिस ने आरोपित सौरभ जादौन को गिरफ्तार कर लिया था, उसी की निशानदेही पर मयंक और आकाश की पहचान हुई थी। तीनों मूलतः मुरैना जिले के सबलगढ़ के रहने वाले हैं। इन पर कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने मुख्य आरोपित आकाश जादौन और सौभम जादौन को जेल भेज दिया है।

## शराब के कारोबारियों ने पुलिस टीम पर किया हमला

**पूर्वी चंपारण:** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मलकौलिया गांव में शराब धंधेबाज के घर पर छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया। इसमें जमादार हसनैन अहमद और होमगार्ड के सिपाही बैजू कुमार घायल हो गए। हमलावरों ने हिरासत में लिए गए एक शराब धंधेबाज को भी छुड़ा लिया। साथ ही जमादार हसनैन अहमद का सेलफोन भी छीन लिया।वही सूचना पर मौके पर पहुंची मुफस्सिल व नगर थाना अधिकारी और सशस्त्र बल ने दो हमलावरो को गिरफ्तार कर लिया।साथ ही चुलाई शराब भी जब्त की। प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक सह मुफस्सिल थानाध्यक्ष शिप्रा राजपूत ने बताया कि सूचना मिली कि मलकौनिया गांव में धंधेबाज शराब का निर्माण कर रहे हैं। सूचना के आलोक में पुलिस टीम शराब कारोबारी रामबाबू के घर पर छापामारी करने गई। वहां से 10 लीटर चुलाई शराब जब्त की और उसे पकड़ लिया। इसी बीच,स्थानीय ग्रामीणों ने सरकारी वाहन को घेर लिया। इसके बाद पुलिस के साथ धक्का मुक्की और मारपीट कर शराब कारोबारी रामबाबू को मुक्त करा लिया। साथ ही जमादार का सेलफोन छीन कर घटना का बनाया गया वीडियो भी डिलीट कर दिया। मामले में दो महिला सीता देवी व निर्मला देवी को गिरफ्तार किया गया।वही इस मामले में 12 नामजद और 50 - 60 अज्ञात को आरोपित करते हुए उनके विरूद्ध छापेमारी की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ



### मणिपुर पुलिस ने 96 लोगों को हिरासत में लिया

**इंफालः** मणिपुर पुलिस द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों के संवेदनशील तथा दुर्गम इलाकों में सघन छापामारी तथा तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में कानून की अलग-अलग धाराओं के उल्लंघन के सिलसिले में 96 लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने आज बताया कि आवश्यक वस्तुओं के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-37 पर 132 तथा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-2 पर 194 वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित की गई। वाहनों की स्वतंत्र और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए सभी संवेदनशील स्थानों पर कड़े सुरक्षा उपाय किए गए हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों को व्यापक पैमाने पर तैनात किया गया है। पुलिस ने बताया कि पहाड़ी और घाटी दोनों में मणिपुर के विभिन्न जिलों में 102 नाके और जांच चौकियां स्थापित की गई हैं।

### विनेश फोगाट पर धनवर्षा करेगी हरियाणा सरकार

**चंडीगढ़:** पेरिस ओलंपिक में 100 ग्राम वजन अधिक होने के कारण बाहर हुईं विनेश फोगाट पर हरियाणा सरकार धनवर्षा करेगी। हरियाणा सरकार ने विजेता खिलाड़ियों के समान ही स्वागत करने और अन्य सुविधाएं देने का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बुधवार रात आला अधिकारियों की आपात बैठक बुलाकर इस संबंध में मंथन किया। इसके बाद गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट पर यह ऐलान किया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने लिखा है कि हमारे हरियाणा की बहादुर बेटी विनेश फोगाट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओलंपिक के फाइनल में प्रवेश किया। किसी भी कारण से वह फाइनल नहीं खेल पाई हो, लेकिन वह हम सभी के लिए चैंपियन है। हमारी सरकार ने फैसला किया है कि विनेश फोगाट का पदक विजेता की तरह स्वागत और सम्मान किया जाएगा। हरियाणा सरकार ओलंपिक रजत पदक विजेता को जो सम्मान, इनाम और सुविधाएं देती है वे सभी विनेश फोगाट को भी कृतज्ञता पूर्वक दी जाएंगी। उल्लेखनीय है कि हरियाणा सरकार ने पेरिस ओलंपिक में खिलाड़ी के मेडल जीतने पर पहले से ही इनाम की घोषणा कर चुकी है। फोगाट सिल्वर मेडल के मुकाबले को जीत चुकी हैं, इसलिए उन्हें 4 करोड़ रुपये सरकार की ओर से दिए जाएंगे। इसके अलावा सरकारी नौकरी देने का भी ऐलान किया गया है। पंजाब के जालंधर स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने भी विनेश को 25 लाख रुपये देने का ऐलान किया है। विवि के संस्थापक एवं राज्यसभा सदस्य अशोक कुमार मित्तल ने कहा कि हमारे लिए विनेश अभी भी पदक विजेता है। उनके समर्पण और कौशल को मान्यता मिलना चाहिए। हमें उन्हें 25 लाख की पुरस्कार राशि प्रदान करने पर गर्व है।

### महिला पर हाथी ने किया हमला, मची अफरा तफरी

**कोरबा:** कोरबा जिले के हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत भिलाइबाजार में आज गुरुवार सुबह एक जंगली हाथी घुस आया है, जहां हाथी हरदीबाजार के रास्ते ग्राम रलिया पहुंच गया। हाथी ने मार्निंग वॉक पर निकली एक महिला पर हमला कर दिया। आस-पास के लोगों ने घायल महिला को कोरबा अस्पताल में भर्ती कराया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रालिया निवासी 50 वर्षीय गायत्री राठौर आज सुबह करीब 5.30 बजे रोजाना की तरह मार्निंग वॉक करने आई थी, जहां अचानक आए हाथी ने महिला पर हमला कर दिया। आस-पास के लोगों ने पीड़ित महिला को न्यू कोरबा हॉस्पिटल भेजा गया। वन विभाग के मुताबिक अभी हाथी नराइबोध के रास्ते गेवराबस्ती कुसमुण्डा की ओर जा रहा है, वन विभाग यदि सही समय पर नहीं पहुँचते तो फिर किसी के साथ अप्रिय घटना घट सकती थी। फिलहाल वन अमला तैनात हैं जहां हाथी पर नजर बनाए हुए हैं।

### भारत-पाकिस्तान सीमावर्ती फिरोजपुर से छह किलोग्राम हेरोइन और ड्रग मनी बरामद, दो गिरफ्तार



**चंडीगढ़:** पंजाब पुलिस ने भारत-पाकिस्तान सीमावर्ती क्षेत्र फिरोजपुर से दो ड्रग तस्कर को गिरफ्तार करके छह किलोग्राम से अधिक हेरोइन और छह लाख रुपये (ड्रग मनी) बरामद की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने गुरुवार सुबह एक्स पोस्ट में कहा है कि पुलिस अभी मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा है कि सीआईए स्टाफ ने इस आपरेशन को अंजाम दिया है। जांच के दौरान पुलिस को पीले रंग के पैकेट मिले। इनमें कुल छह किलो 655 ग्राम हेरोइन तथा छह लाख रुपये की नकदी थी। यह सारा सामान पैकेट में सील करके डाला गया था। आशंका है कि पाकिस्तान की तरफ से यह सामान भारतीय सीमा में भेजा गया। आरोपितों से उनके पाकिस्तान व भारतीय संपर्कों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

### शॉर्ट सर्किट से फर्नीचर की दुकान में लगी आग, लाखों का जला सामान



**जालौन:** जनपद की उरई कोतवाली क्षेत्र के माहिल तालाब स्थित एक फर्नीचर की दुकान में शॉर्ट सर्किट से बुधावार देर रात आग लग गई। आग लगने से दुकानदार का लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। पहले दो घंटे तक आग लगने की जानकारी न होने के कारण फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर नहीं पहुंच सकी। रात के समय पड़ोसी दुकानदार की सूचना पर फर्नीचर दुकान के मालिक शुभम गुप्ता मौके पर पहुंचे और दुकान में लगी आग की सूचना पुलिस व फायर कर्मियों को दी। शुभम ने बताया कि जानकारी देने के बावजूद फायर टीम नहीं पहुंची। उनकी दुकान का करीब 50 लाख रुपये का सामान आग में जलकर खाक हो गया। आसपास के लोगों के सहयोग से उन्होंने ही आग को बुझाया। उन्होंने बताया कि संभवतः रात में तेज वोल्टेज आ जाने के कारण मीटर में शार्ट सर्किट होने से आग लगी। बिजली विभाग से शिकायत की थी लेकिन सुबह तक मौके पर कोई नहीं आया।

## हत्या मामले में मां और दो बेटों को आजीवन कारावास

**पलामू:** जिले की एक निचली अदालत ने डायन भूत विवाद को लेकर छह वर्ष पहले हुई एक हत्या मामले में एक महिला और उसके दो बेटों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। 10-10 हजार रुपए जुमार्ना भी लगाया है। जुमाने की राशि नहीं देने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास तथा धारा 504 में 1 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। बताते चलें कि 3.4.2018 को नावा जयपुर थाना क्षेत्र के कनौदा गांव में भोला राम की हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में मृतक की पतोहू के द्वारा मामला दर्ज कराया गया था। व्यवहार न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश नंबर-दो की अदालत में बुधवार को फैसला सुनाते हुए नावा जयपुर थाना क्षेत्र के कनौदा गांव की राजपतिया कुंवर पति स्वर्गीय अमेरिका राम और उसके दो पुत्रों किशन राम और फिरोध राम को उपरोक्त सजा सुनाई। ज्ञात हो कि इस कांड का अनुसंधान नावा जयपुर के तत्कालीन थाना प्रभारी भिखारी राम ने किया था।

## पुलिस अधीक्षक ने कोर्ट नोडल पदाधिकारियों के साथ की बैठक




**सिमडेगा:** पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में, पुलिस अधीक्षक महोदय, सिमडेगा की अध्यक्षता में, जिला के सभी थाना में प्रतिनियुक्त (सीएनओ) कोर्ट नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में सभी सीएनओ को कोर्ट से संबंधित, थाना में किये जाने वाले कार्यों एवं ऑनलाइन पोर्टल सीपीएमएस के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही सभी को नियमित रूप से कोर्ट विजिट करने और कोर्ट से संबंधित थाना के कार्यों का निष्पादन सही एवं सुचारू रूप से करने हेतु निर्देशित किया गया। उठड के सम्पूर्ण कार्यो की समीक्षा थाना प्रभारी को दैनिक एवं अंचल पुलिस निरीक्षक को साप्ताहिक रूप से करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक महोदय, सभी अंचल पुलिस निरीक्षक, सिमडेगा, सभी थाना के उठड सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं सभी थाना प्रभारी ऑनलाइन उपस्थित थे।

## बिरगोड़ा नदी पर बना डायवर्सन बहा, विधायक ने छात्र-छात्राओं के लिए निशुल्क बस सेवा शुरू की




**मांडर :** बिरगोड़ा नदी पर पुल पर बने डायवर्सन के बह जाने से कई गांव का संपर्क टूट गया था । डायवर्सन के बहने से स्कूल जाने वाले बच्चों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। जिसे लेकर मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए निशुल्क दो बस सेवा शुरू की गई। जिसका पचपदा और नरकोपी रेलवे स्टेशन के पास से हरी झंडी दिखाकर विधायक ने रवाना किया इस मौके पर मांडर बीडीओ मनोरंजन कुमार सहित परवेज आलम जमील मलिक और अन्य लोग उपस्थित थे।

## डॉ. परमेश्वर भगत ने किया खेल सामाग्री का वितरण






**मांडर:** प्रखंड के टांगरबसली में पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत खेल प्रेमियों को प्रोत्साहित करने के लिए जर्सी और फुटबॉल वितरित किए। इस अवसर पर डॉ परमेश्वर भगत ने खेल के महत्व पर जोर दिया और युवाओं को खेलों में भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इन्होंने कहा की खेल न केवल शारीरिक फिटनेस के लिए आवश्यक है, बल्कि यह सामुदायिक एकता को भी बढ़ावा देते हैं। खिलाड़ियों ने डॉ परमेश्वर भगत के प्रति आभार व्यक्त किया और उनकी इस पहल को सराहा। खेल प्रेमियों ने भी जर्सी और फुटबॉल प्राप्त करने के बाद अपने खेल के प्रति नई ऊर्जा और समर्पण का संकल्प लिया। अंत में समाजसेवी शमीम अख़्तर आजाद ने डॉ परमेश्वर भगत के इस पहल के लिए धन्यवाद देते हुए कहा की इस तरह के पहल से निश्चित रूप से स्थानीय खेल परिदृश्य में सुधार और युवा खिलाड़ियों की प्रगति को गति मिलेगी। मौके पर शमीम अख़्तर आजाद, राम उरांव, अकबल अंसारी, प्रेम कुजूर, सोहैल अंसारी, धनजय कुमार, जाहिद अंसारी, प्रवीण तिग्गा, फैशल अहमद, रघु उरांव, सैफुल्लाह हुसैन, संदीप उरांव, मो साहिल, पवन कुमार, तौहीद अंसारी, पंकज कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## 12 दिवसीय कांवड़ यात्रा निकाली गयी

**चान्हो :** प्रखंड अंतर्गत कांवरिया संघ,टांगर बिजूपाड़ा द्वारा आज से 12 दिवसीय कांवड़ यात्रा निकाली गई। हर-हर महादेव व बोल बम के जयकारे से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। शिवालयों में पूजा-अर्चना व जलाभिषेक के साथ कांवड़ियों का जत्था रवाना हुआ। इस यात्रा के दौरान की कावड़िए देवघर, राजगीर, तृवेणी, अयोध्या, विन्ध्याचल व अन्य स्थानो का करेंगे दर्शन। सभी यात्रियों को रवाना करते हुए उनके सुखद और मंगल यात्रा की कामना किया भाजपा नेता सन्नी टोप्पो साथ में सदानंद सिंह,अरविन्द सिंह,अजय मिश्रा,के साथ अन्य शिव भक्त शामिल हुए।

### उपायुक्त व उप विकास आयुक्त ने किया केरेया पंचायत भवन का निरीक्षण

# मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से संबंधित कार्यों का लिया जायजा



मेट्रो रेज

**सिमडेगा:** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु ने बांसजोर प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत उरते, बांसजोर, तरगा एवं ठेठईटांगर प्रखंड के केरेया पंचायत भवन का निरीक्षण किया।

इस दौरान उपायुक्त महोदय ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से संबंधित कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने योजना के तहत लाभ लेने हेतु पहुंची महिलाओं से मुलाकात किया, उन्होंने सभी महिलाओं से कहा कि जिले कि कई पंचायत में नेटवर्क की अच्छी व्यवस्था न होने से फार्म का डिजिटाइजेशन करने विलंब हो रहा है। सभी महिलाएं से उपायुक्त महोदय ने कहा कि आज आप सभी आवेदन भर के जमा कर दें। और अपना रेसिबिंग कॉपी प्राप्त कर लें, आप सभी को दोबारा पंचायत आने की जरूरत नहीं है इस माह के 15 तारिख तक सभी को योजना से आच्छादित किया जाएगा। तथा उपायुक्त महोदय ने कहा कि धान रोकने के कारण जो महिलाएं नहीं आ पा रही हैं वह बीएलओ के पास जामा करेंगी। जामा सभी आवेदनों को 15 अगस्त तक एंट्री करते स्वीकृत दी जायेगी। साथ ही उपायुक्त महोदय ने सभी पंचायत के ऑपरेटर को पोर्टल पर एंट्री करने हेतु सुबह के समय में जल्दी कार्यालय आकर ज्यादा से ज्यादा आवेदनों का डिजिटाइजेशन करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त महोदय सभी पंचायत में प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी बांसजोर, प्रखंड विकास पदाधिकारी ठेठईटांगर सहित अन्य उपस्थित थे।



## उपायुक्त ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के शिविरों का लिया जायजा

**सिमडेगा:** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी संग वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक का आयोजन किया गया। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से संबंधित संचालित जिला के सभी प्रखंडो/पंचायतों/शहरी क्षेत्र के सभी वार्डों में शिविर का आयोजन करते हुए आवेदन प्राप्त किया जा रहा। जिसका उपायुक्त महोदय द्वारा जायजा लिया गया। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि आवेदन की प्राप्ति एवं उसका डिजिटाइजेशन अधिक से अधिक करें। उन्होंने आ रही है तकनीकी समस्याओं को ससमय दूर करने का निर्देश दिया, जिस पंचायत शिविर में विद्युत कनेक्शन एवं नेटवर्क की व्यवस्था नहीं है वहां पर यथाशीघ्र जनरेटर एवं नेटवर्क हेतु भारत नेट का सुविधा बहाल करने का निर्देश दिया गया। साथ ही उपायुक्त महोदय ने जिस पंचायत में तकनीकी समस्याओं के कारण पोर्टल पर ऑनलाइन एंट्री करने में परेशानी हो रही है। वहां सभी महिलाओं से आवेदन प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रति दिन अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त करने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरज मुन्नी कुमारी, जिला समाजिक सुरक्षा पदाधिकारी सुक्रमणी लिंडा, ईडीएम चन्द्रशेखर कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

# वरीय नेत्री मालती गिलुवा को महिला मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया जाना जिले के लिए उपलब्धि

### मालती गिलुवा ने बातचीत के क्रम में बताया कि अबकी बार राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी

ज्योति पाठक

**मालती गिलुवा** पश्चिम सिंहभूम जिला के लिए एक जाना पहचाना और लोकप्रिय नेता के रूप में उनकी जबरदस्त पकड़ है। पश्चिम सिंहभूम जिला में वे राजनीति में उस समय से सक्रिय हैं जब उनके पति लक्ष्मण गिलुवा विधायक व सांसद तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष थें। श्रीमती गिलुवा की यह विशेषता है कि उन्होंने अपने पति से राजनीति में सहज सुलभ, मृदुभाषिता और आमजनों के साथ घुलमिलकर लोगों की समस्या जानने और सुनने की प्रवृति के साथ-साथ समस्याओं की निराकरण के लिए पूर्ण रूपेण गंभीर रहती है। जिला में उनकी सक्रियता या यूँ कहें कि सिंहभूम संसदीय क्षेत्र में वे सक्रिय रूप से अपनी दमदार सहभागिता निभा रही हैं। इनकी



बेहतर कार्य जनसरोकार से जुड़े रहने का ही यह परिणाम है कि इन्हें महिला मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है जो निश्चित तौर पर उनकी लोकप्रियता, कार्यदक्षता और लोगों के साथ मधुर संबंध संगठन के प्रति निरंतर जुड़ाव कार्यकर्ताओं को एकजुटकर साथ लेने की क्षमता और दक्षता उनकी विशेषता भी मानी जाती है। महिला मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने के पश्चात वरीय पत्रकार बिनय मिश्रा ने उनसे विभिन्न बिन्दुओं पर बातचीत की इस क्रम में मालती गिलुवा ने कहा कि 2024 के विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रचण्ड बहुमत से जीतकर झारखण्ड में सरकार बनायेगी। क्योंकि वर्तमान सरकार से जनता का विश्वास उठ गया है और यह सरकार केवल घोषणा और वादा तक ही सीमित है। जनता के हित में कोई भी कार्य सम्पादित नहीं हुए हैं जिससे राज्यवासी निराश हैं। बड़ी-बड़ी घोषणा और शब्जबाग दिखाने वाली हेमन्त सरकार केवल लोगों को गुमराह कर अपनी सत्ता चलाने का कार्य किया है। लोक-लुभावने बातों में अब जनता आने वाली नहीं है। पांच वर्ष के अन्तराल में हेमन्त सोरेन के बाद चम्पाई सोरेन और पुनः हेमन्त सोरेन मुख्यमंत्री बनें बाद मुख्यमंत्री बदलते रहें किन्तु झारखण्ड में विकास नहीं हुआ। मंत्री के आप्त सचिव के नौकर के यहां से करोंड़ो रुपए मिलते हैं। मंत्री को जेल जाना पड़ता है। ऐसी स्थिति में सरकार कैसे कार्य कर रही है यह आसानी से समझा जा सकता है। भ्रष्टाचार के आरोप में कई लोगों को ईडी ने गिरफ्तार किया यह सब अराजकता नहीं तो क्या है। वर्तमान सरकार से जनता निराश है और आने वाले विधानसभा चुनाव में प्रदेशवासी भाजपा के साथ रहेंगे और प्रचण्ड मतों से विधायक को जीताकर सत्ता कीबागडोर सौपेंगे।

### एसबीआई के मुख्य शाखा प्रबंधक की कारगर पहल

## सीआरपीएफ कैंप सतवा में साइबर सुरक्षा की दी गयी व्यापक जानकारी

बिनय मिश्रा

**अग्रणी** बैंक के रूप में बेहतर कार्य और खाताधारियों की सुधि और सुविधा के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहने वाला भारतीय स्टेट बैंक चक्रधरपुर शाखा के मुख्य शाखा प्रबंधक संदीप टोप्पे के द्वारा खाताधारियों को एक ओर जहां साईबर क्राईम से बचने और सुरक्षित रहने के निरंतर उपाय और जानकारी देकर लोगों को सतर्क करने कार्य काफी प्रशंसनीय और सराहणीय है। वहीं मुख्य शाखा प्रबंधक श्री टोप्पो द्वारा आज सीआरपीएफ कैम्प सतवा में साइबर क्राइम के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देने के साथ-साथ सतर्कता एवं जानकारी से ऐसी घटना से बचने के भी व्यापक रूप से परिचर्चा की और जानकारी दिया जो निश्चित तौर पर सीआरपीएफ के अधिकारी पदाधिकारी और जवान के लिए काफी उपयोगी रहा। मुख्य शाखा



प्रबंधक श्री टोप्पो ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक पूर्ण रूप से अपने खाताधारियों की रक्षा और सुरक्षा के साथ-साथ उन्हें कारगर सुझाव और उपाय भी उपलब्ध कराती है जिससे कि साईबर क्राईम अपने मनसा में सफल न हों क्योंकि साइबर क्राइम से खाताधारी अपने सतर्कता से ही बचाव कर सकते हैं। इसलिए हमें पूर्ण रूप से हमेशा कुछ बातों का ध्यान रखना होगा जिससे कि हम अपने खाते और राशि की सुरक्षा बेहतर ढंग से कर सकते हैं। इस अवसर पर बैंक के अन्य लोग भी उपस्थित थें और उन्होंने भी अपने विचार रखें। वहीं सीआरपीएफ कैम्प में यह कार्यक्रम काफी सफल रहा।

# आदिवासी सीटों के रास्ते झारखंड पर कब्जा करना चाहती है भाजपाः नमन बिक्सल कोनगाडी

### जीईएल मध्य विद्यालय में विधायक मद से बने चहारदीवारी का उदघाटन कोलेबिरा विधायक नमन बिकशल कोनगाड़ी ने किया

मेट्रो रेज

**जलडेगा:** प्रखंड के तितलिंग में जी ई एल मध्य विद्यालय में विधायक मद से बने नवनिर्मित चहारदीवारी का उदघाटन समारोह आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि कोलेबिरा विधायक नमन बिकशल कोनगाड़ी उपस्थित हुए एवं उनके कर कमलों द्वारा चहारदीवारी का उदघाटन हुआ। सर्वप्रथम बिद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों और विद्यालय के शिक्षको द्वारा विधायक और अतिथियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात विनती प्रार्थना कर विधायक ने शिलापट्ट का अनावरण किया। विद्यालय प्रबंधन समिति ने विधायक कोनगाड़ी को धन्यवाद देते हुए कहा कि विधायक ने हमारी समस्याओं को सुनते ही अविलंब हमारी मांगों को पुरा किया, हम इसके लिए हृदय से आभारी हैं।

उदघाटन समारोह के बाद जलडेगा के तितलिंग गांव में ही एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें कोलेबिरा विधायक नमन बिकशल कोनगाड़ी ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया और कहा कि झारखंड की सत्ता तक



पहुंचने के लिए किसी भी राजनीतिक पार्टी के लिए आदिवासी आरक्षित सीटों के रास्ते से ही पहुंचा जा सकता है, इसको भाजपा समझने लगी है।यही कारण है कि भाजपा आदिवासी सीटों को कब्जा करने के लिए आदिवासी सीटों को कमजोर करने के नियत से कइ प्रकार के षड्यंत्रों को अंजाम देने का काम कर रही है। उनमें से एक षड्यंत्र के तहत डीलिस्टिंग को अपने मुख्य हथियार के रूप में उपयोग कर रही है। डिलिस्टिंग के माध्यम से भाजपा आदिवासी समुदायों में जातिय भेद(नस्लीय भेद), अलग-अलग धार्मिक मान्यताएं, भाषाई अन्तर, खान-पान एवं परंपराओं में भिन्नताओं के अधार पर आदिवासी समुदायों में श्रेष्ठ कौन है,की भावनाओं को छेड़ कर उनके आपसी सामंजस्य को तोड़ कर कमजोर कर वोटों का विभाजन कर सत्ता तक पहुंचना चाहती है और अन्ततः उनका अंतिम लक्ष्य आदिवासी समुदाय की पहचान,अस्तित्व और आजिविका से जुड़े संसाधनो पर कब्जा कर इन्हें खत्म करना है,ताकि आदिवासी समुदाय का जिन जमीनों पर निवास है।उन जमीनों से आदिवासी समुदाय को उजाड़कर उन जमीनों के नीचे और उपर जो अकूत कीमती धन संपतियां जल, जंगल तथा उन जमीनों के नीचे बिभिन्न प्रकार के कीमती खनिज संपदा है,उनपर कब्जा कर अपने और अपने पूंजीपति मित्रों का आर्थिक विकास किया जा सके। इसी में आगे षडयंत्र रचते हुए भाजपा आदिवासी समुदायों में से ही कुछ लोगों को धन दे कर और पद का लालच दे कर उन्हें झुठी दिलासा या झुठी उम्मीदें दिखा कर (सब्जबाग दिखा कर) वोट का बंटवारा कर बीजेपी अपने आपको सत्ता तक पहुंचाना चाहती है। पंचायत चुनावों में, विधानसभा,लोकसभा चुनावों में इस साजिश को अपना कर जहां भाजपा बिचारधारा के भोटर मात्र 30% और इंडिया गठबंधन के बिचारधारा वाले हमारे भोटर 60% होते हैं,इसके बावजूद उनके ही मुखिया,विधायक और सांसद जीतते रहे है।परंतु इस बार के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के विचारधारा वाले वोटरों ने एक जुट हो कर भाजपा की इस साजिश को नाकाम करने के लिए वोट कर भाजपा को रिकार्डतोड़ वोटों से इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के उम्मीदवार माननीय कालीचरण मुंडा जी को जीत दिलाने में सफलता मिली है।

आगे विधायक बिकशल कोनगाड़ी ने उपस्थित लोगों को जागरूक रहने की अपील करते हुए बताया कि हमारे ही समाज के कुछ स्वार्थी और लालची किस्म के लोगों को धन का लालच देकर अपने ही समुदाय और वर्ग के लोगों में भ्रम फैला कर एक दूसरे के प्रति अविश्वास की भावनाओं को बढ़ा कर हमारे समाजो के रची बसी आपसी सामंजस्य और एकता को कमजोर करने के लिए समाज पर प्रहार कर हराने का साजिश रच कर सफल होते रहे हैं। हमें वैसे आदिवासी समाज के दुश्मनों को पहचानना है और उनसे विशेष सावधान रहना होगा।अपनी एकजुटता को अभिन्न रखते हुए हम सभी को वैसे समाज के दलालों को मुंहतोड़ जवाब देना है। मौके पर जिला बिधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रखंड अध्यक्ष सुशील जड़िया, विधायक की धर्मपत्नी बिनीता कोनगाड़ी,प्रदेश अल्पसंख्यक सचिव जमीर खान, दोनों मंडल अध्यक्ष अनिल डांग,अमर टोपनो,जिला अल्पसंख्यक सचिव जमीर हसन, सुनील सुरीन, रहीम खान,प्रचारक उम्बलन टोपनो, प्रभुसहाय कंडुलना, इलियाजर होरो, कोमल होरो, अरविंद होरो,जोहान होरो, रोयन टोपनो, नामजन होरो, जोहन गुड़िया, उर्मिला भेंगरा, जुनुल गुड़िया, अनिता होरो, प्रेमी कंडुलना, बिलासी होरो, कुसुम लुगुन सहित समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे।